हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, गुरुवार,14 दिसंबर 2023

तापमान
अधिकतम 24.0 डिग्री
न्यूनतम 6.4 डिग्री









## खबर संक्षेप

### सेल्समैन शराब व नकदी लेकर फरार

**पानीपत।** पानीपत के गांव जाटल में एक शराब ठेके पर चार दिन पहले ही बतौर सेल्समैन की नौकरी पर लगे दो कारिंदे नगदी व शराब की खेप लेकर फरार हो गए। इसराना पुलिस को दी शिकायत में मनजीत राणा निवासी गांव कारद जिला पानीपत ने बताया कि चार दिन पहले ही सुमित और रोहित पाल निवासी यूपी बतौर सेल्समैन नौकरी पर रखे थे। 11 दिसंबर की रात दिनभर की सेल 58 हजार 500 रुपये और शराब की बोतलें चोरी कर फरार हो गए।

### मादक पदार्थ सप्लायर को पुलिस ने पकड़ा

**पानीपत।** सीआईए वन पुलिस टीम ने 724 ग्राम अफीम सहित पकड़े गए आरोपी बलविंद्र निवासी महमूदपुर जिला पानीपत की निशानदेही पर यूपी निवासी नशा सप्लायर राजू निवासी अंजली बरेली यूपी को गिरफ्तार किया था। आरोपियों पर थाना सदर में एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज है।

### ट्रक की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**घरौंडा।** गांव मंगलौरा पुल के पास एक अज्ञात ट्रक ने बाइक को टक्कर मार दी। जिससे बाइक पर सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई। तरावड़ी के रहने वाले विनोद कुमार ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई कि वह 12 दिसम्बर को तरावड़ी निवासी अक्षय कुमार की बहन के घर से बाइक पर सवार होकर वापस अपने घर आ रहे थे। जैसे ही मंगलौरा पुल क्रॉस किया तो किसी अज्ञात ट्रक ने बाइक को टक्कर मार दी।

### चरस और स्मैक के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

**करनाल ।** एंटी नारकोटिक्स सेल की टीम ने गुरूनानकपुरा से एक चरस और स्मैक के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से 1 किलो 844 ग्राम चरस और 7 ग्राम 14 मिलीग्राम स्मैक बरामद की है। नारकोटिक्स सेल इंचार्ज एसआई रमेश चंद की अध्यक्षता में टीम द्वारा वश्विसनीय सूचना पर गुरुनानकपुरा निवासी आरोपी हरजिंद्र सिंह को चरस और स्मैक के साथ गिरफ्तार किया गया है। थाना रामनगर में एनडीपीएस एक्ट की धारा 20 और 21 के तहत मुकदमा नंबर 448 दर्ज किया गया।

### पानीपत में एक घर से डेढ़ लाख रुपये चोरी

**पानीपत।** पानीपत की राम नगर कॉलोनी में स्थित घर से चोरों ने डेढ लाख रुपये की नगदी चोरी कर ली। वहीं, पुराना औद्योगिक थाना पुलिस को दी शिकायत में गंगाधर ने बताया कि 12 दिसंबर को उसके मकान के मेन गेट का ताला तोड़कर चोर घर के भीतर घुसे। यहां घुसने के बाद कमरे में रखी अलमारी का लॉक तोड़ा। इसके बाद अलमारी से डेढ़ लाख कैश, कपड़े चुरा लिए।

# देशभर के शिल्पकला ने महोत्सव की फिजा में भरा रंग

अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव में चलने वाले सरस और क्राफ्ट मेले में आने वाले पर्यटकों को इस बार अनोखी शिल्पकला देखने को मिल रही







हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

जहां एक ओर अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव का आगाज हो चुका है, वहीं दूसरी ओर दूसरे प्रदेशों से ब्रह्मद्दसरोवर के तट पर पहुंचे शिल्पकारों की अदभुत शिल्पकला ने पर्यटकों को आश्चर्य चकित कर दिया है। इस अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव में ब्रह्मसरोवर का तट शिल्पकारों की शिल्पकला से सज चुका है और इस शिल्पकला को देखने वाले दूसरे प्रदेशों के पर्यटकों के साथ-साथ स्थानीय लोग भी इन शिल्पकला को देखकर हैरान हो रहे है। अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव में 24 दिसंबर 2023 तक चलने वाले सरस और क्राफ्ट मेले में आने वाले पर्यटकों को इस बार अनोखी शिल्पकला देखने को मिल रही है और यहां पर आने वाले सभी पर्यटक इन सभी शिल्पकारों की शिल्पकला से निर्मित वस्तुओं की जमकर खरीददारी कर रहे है।

इस महोत्सव में शिल्पकारों की अविश्वनीय शिल्पकला और हाथ की कारागिरी ने ब्रह्मसरोवर के तट पर लगने वाले सरस और क्राफ्ट मेले की फिजा में रंग भरने का काम किया है, जिससे यहां पर आने वाला प्रत्येक व्यक्ति इस महोत्सव की जमकर प्रंशसा कर रहे है। महोत्सव के दौरान कुरुक्षेत्र-धर्मक्षेत्र की पावन धरा पर आने वाला प्रत्येक पर्यटक इस महोत्सव का भरपूर आनंद ले रहा है।

इस महोत्सव में जहां एक ओर शिल्पकार अपनी शिल्पकला से महोत्सव में रंग भर रहा है, वहीं दूसरी ओर ब्रह्मद्दसरोवर के तट पर पर्यटकों के मनोरंजन के लिए एनजेडसीसी की तरफ से बहरूपिए लोगों के लिए आकर्षण का केन्द्र बने हुए है और सभी स्थानीय और दूर-दराज से आने वाले पर्यटक इन बहरूपियों के साथ सैल्फी लेकर इस अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव का लुफ्त उठा रहे है।

### मिट्टी से बने बर्तन कर रहे आकर्षित



कुरुक्षेत्र। हरियाणा के कुरुक्षेत्र जिले के ब्रह्मसरोवर पर गीता महोत्सव के सरस मेले पर अनेकों कलाकारों द्वारा अपनी शिल्पकला को प्रदर्शित किया जा रहा है। इस महोत्सव में पानीपत के गडशानी से आए शिल्पकार मुकेश कुमार मिट्टद्दी से बने अनेक प्रकार के बर्तनों को लेकर पहुंचे है। उनके मिट्टद्दी के बर्तनों से सजे स्टॉलों पर पर्यटकों की भीड़ देखकर अंदाजा लगाया जा सकता है कि उनके यह मिट्टी से बने बर्तन कितने शानदार है। वे बर्तन बनाते समय लाल और काली मिट्टी का इस्तेमाल करते है। शिल्पकार मुकेश कुमार ने कहा कि आधुनिकता के कारण कही न कही हम अपनी प्राचीन संस्कृति से दूर होते जा रहे है। गीता महोत्सव के माध्यम से पर्यटकों को फिर से अपनी मिट्टी से जुड़ने का मौका प्रदान करने का काम कर रहे है। पहले सभी लोग मिट्टी के बर्तनों में ही भोजन किया करते थे परन्तु आधुनिकता के चलते सभी लोग स्टील वा एल्यूमीनियम के बर्तन ही इस्तेमाल कर रहे है। शिल्पकार ने कहा कि पहले मिट्टी के बर्तन सिर्फ चूल्हे पर ही इस्तेमाल किए जाते थे परंतु इनके द्वारा बनाए गए बर्तन गैस पर भी इस्तेमाल कर सकते है। उनके द्वारा देश भर में लगने वाले विभिन्न मेलों में अपना स्टॉल स्थापित किया जाता है।

### कश्मीर के पारंपरिक परिधानों ने मचाई धूम



हरियाणा के कुरुक्षेत्र जिले के ब्रह्मसरोवर के पावन महोत्सव पर जम्मू कश्मीर ने अनेक शिल्पकार पहुंचे हुए है। इन्ही शिल्पकारों में से एक आकिब यहां जम्मू-कश्मीर से आए हुए है। इनके पास अनेकों तरह के कपड़े है जिनमे से कुछ सूट, फोंचू, शॉल जिनके उपर इस शिल्पकार द्वारा सारा कार्य हाथ से किया गया है। शिल्पकार ने बताया कि कानी वर्क की हैंडलूम पर बनता है। उनके पास इस वर्क से बने कई तरह के परिधान भी है। शिल्पकारों ने बताया कि कपड़ों पर आरी वर्क भी किया जाता है और ये पिछले दस वर्षो से ये कार्य कर रहे है। वे जम्मू कश्मीर से अपनी पारंपरिक वस्त्र लाए है, जिसे फेरान के नाम से जाना जाता है, जो की एक कुर्ता है यह दिखने मे बड़ा ही अच्छा और आकर्षक है। इनके सामान का मूल्य 700 से 10 हजार तक है। उन्होंने बताया कि वे महोत्सव में काफी समय से अपनी स्टॉल लगाते आ रहे है और यहां आकर बड़ा ही अच्छा महसूस होता है। उनके पास 50 से 60 कारीगर कार्य करते है और वे 5 व्यक्ति मिलकर इन उत्पादों को बेचने का काम करते है।

### पांगी औषधी लेकर पहुंचे विपन ठाकुर



ब्रह्म सरोवर के पावन तट पर चल रहे अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव में सरस और शिल्प मेला पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। हिमाचल प्रदेश के जेंजतिया क्षेत्र से आए विपन ठाकुर द्वारा इस महोत्सव में जड़ी बूटियों से बनी पांगी औषधि लाई गई है, जो प्रधान मंत्री कार्यालय में भी भेजी जाती है। नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ इंडियन मेडिकल हेरिटेज से प्रशिक्षित विपन ठाकुर ने बताया कि इस हर्बल नुस्खे से सेंसी, पित, कड़ू, गुरुनु जैसी जड़ी बूटियों के एक्सट्रैक्ट का उपयोग करके उन्होंने मधुमेह, बीपी, हृदय रोग, गठिया, यूरिक एसिड, और पेट समस्याएं ठीक करने में सफलता प्राप्त की है। सरकारी मंजूरी और केंद्र सरकार से मिले सर्टिफिकेट ने इस हर्बल नुस्खे की गुणवत्ता को साबित किया है, जो बिना किसी परहेज या साइड इफेक्ट्स के है। इन जड़ी बूटियों की खास बात यह है कि यह अप्रैल महीने में बर्फ पिघलने के बाद उपलब्ध होती हैं। विपन ठाकुर जो कि एक पूर्व सैनिक हैं, उन्होंने बताया कि वो 8 सालों से गीता महोत्सव में भाग ले रहे हैं। इस वर्ष उनका स्टॉल न. 738 है।हरियाणा और हिमाचल की राज्य सरकारों का उनके सेल्फ हेल्प ग्रुप को प्रोत्साहित करने के लिए उन्होंने आभार व्यक्त किया है। कुरुक्षेत्र में अब तक उन्होंने 10 से 15 हजार लोगों को बीमारियों से बाहर छुटकारा दिलाया है और इसके 100 प्रतिशत परिणामों ने सबको हैरान कर दिया है। उनके सेल्फ हेल्प ग्रुप से फिलहाल आठ महिलाओं को रोजगार मिल रहा है। उन्होने बताया कि वह खानदानी वैद्य परिवार से हैं।



कुरुक्षेत्र। महोत्सव में करतब दिखाते कलाकार।

# दो युवकों ने डेबिट कार्ड बदलकर व्यक्ति के खाते से निकाले 25 हजार

## अज्ञात दो युवकों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

- मदद के बहाने पीड़ित को बातों में उलझा कर डेबिट कार्ड ले लिया

एटीएम मशीन से पैसे नहीं निकलने पर दो युवकों ने मदद करने के बहाने एक व्यक्ति से डेबिट कार्ड लेकर उसके खाते से 25 हजार रुपये निकाल लिए। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर अज्ञात दो युवकों के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में मामला दर्ज कर लिया।

जानकारी के मुताबिक शादीपुर निवासी अलीहसन ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनके गांव स्थित सर्व हरियाणा ग्रामीण बैंक में उसका खाता है। गत सात दिसंबर को वह बुड़िया चुंगी के नजदीक स्थित केनरा बैंक के एटीएम में रुपये निकालने के लिए गया। यहां पर वह रुपये निकालने लगा तो मशीन से पैसे नहीं निकले।

इस दौरान वहां पर पहले से ही दो युवक खड़े थे। उन्होंने उसकी मदद के बहाने उसे बातों में उलझा लिया और डेबिट कार्ड ले लिया। इन युवकों ने डेबिट कार्ड मशीन में डालकर उससे पासवर्ड पूछ लिया। मगर इस दौरान भी मशीन से उसके पैसे नहीं निकले। जिसके बाद आरोपी उसे डेबिट कार्ड वापस करके चले गए। कुछ देर बाद उसके मोबाइल पर अलग अलग तीन बार में 25 हजार रुपये खाते से निकलने का मैसेज आया।

इस बारे में बैंक में पता किया तो जानकारी मिली कि डेबिट कार्ड बदला हुआ है। एटीएम में उपस्थित ठगों ने उसका धोखे से डेबिट कार्ड बदलकर खाते से रुपये निकाल लिए। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर अज्ञात दो युवकों के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# बिजली का तार टूटा, बाल बाल बचे चार परिजन

- फैक्ट्री का वर्कलोड ज्यादा होने से तारें अकसर ओवरहीट होकर टूट कर नीचे गिर जाती

**पानीपत।** पानीपत में कुटानी रोड स्थित काबुली बाग कॉलोनी में एक मकान के भीतर बिजली की हाइवोल्टेज तार टूट कर गिर गई। वहीं बिजली के करंट की चपेट में आने से चार लोग बाबू लाल, मोमीन खान, फैमीदा और चांद बाल बाल बच गए। यह हादसा पहली बार नहीं हुआ। हर बार बिजली निगम इस टूटी हुई तार को औपचारिक तौर पर जोड़कर चले जाते हैं, लेकिन कुछ समय बाद तार फिर टूट जाती है। जिस वजह तार में अनेक जगहों पर जोड़ लगे हुए हैं। आसपास के निवासियों का आरोप है कि बिजली निगम ने 11 हजार हाइवोल्टेज तारे यहां के स्थानीय घरों के लिए नहीं है। बल्कि यह तारे यहां चल रही एक फैक्ट्री के लिए स्पेशल डाली हुई हैं। फैक्ट्री का वर्कलोड ज्यादा होने की वजह तारें अकसर ओवरहीट होकर टूट कर नीचे गिर जाती हैं। वहीं, इस बारे में संबंधित उच्च अधिकारियों को कई बार शिकायतें दे चुके हैं, बिजली निगम के अधिकारी उनकी सुनवाई नहीं कर रहे है।

# राजकीय स्कूल की मुख्याध्यापिका के साथ शिक्षक ने की मारपीट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

- पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर केस दर्ज किया

मतलौडा खंड के एक गांव स्थित राजकीय प्राथमिक स्कूल की मुख्य अध्यापिका ने एक दिसंबर को अपने ही स्कूल के एक अध्यापक पर मारपीट व बदतमीजी करने की शिकायत थर्मल चौकी पुलिस को दी थी। मुख्य अध्यापिका ने आरोप लगाए थे कि स्कूल का एक अध्यापक अपनी क्लास को छोड़कर अन्य क्लास में व्यर्थ की बातें कर रहा था। टोकते पर अध्यापक ने मुख्य अध्यापिका के साथ अभद्र व्यवहार करते हुए मारपीट की। मुख्य अध्यापिका की शिकायत पर स्थानीय पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया था, लेकिन अभी तक भी अध्यापक की गिरफ्तारी नहीं हुई है। बुधवार को स्कूल प्रांगण में स्कूल प्रबन्धन समिति की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता पूर्व ब्लाक समिति चेयरमैन सुभाष खारी व प्रधान कर्ण सिंह ने की। अध्यक्षता कर रहे पूर्व चेयरमैन सुभाष खारी ने बताया कि स्कूल प्रबंधन समिति के सदस्यों ने अपने बच्चों के माध्यम से स्कूल प्रागण में एक दिसंबर को लगभग तीन बजे स्कूल मुखिया के साथ घटित घटना का संज्ञान लिया और अपने स्तर पर जांच की है, जिसमें दूसरी कक्षा के अध्यापक ने जो निन्दनीय घटना हेड मेडम के साथ की है। स्कूल प्रबन्धन समिति उसका पूरा विरोध करती है और दोषी अध्यापक के खिलाफ सख्त कार्यवाही की अपील करती है। स्कूल प्रबंधन समिति के प्रधान सहित 10 सदस्यों ने सहमति जताई। जांच अधिकारी ने मुख्य अध्यापिका के ब्यान दर्ज करने के लिए उसको नोटिस देकर थाने बुलाया था। स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों के अभिभावक व ग्रामीण भी मुख्य अध्यापिका के समर्थन में उनके साथ मतलौडा थाना पहुंचे। उन्होंने भी आरोपित अध्यापक की गिरफ्तारी की मांग उठाई।

## अस्पताल में रोजाना होती है डेढ़ से दो हजार की ओपीडी

# फिजिशियन बिना नागरिक अस्पताल सूना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

- 105 करोड़ की लागत से बने जिला नागरिक अस्पताल के पांच मंजिला भवन में फिजिशियन नहीं होने से बेहाल हैं मरीज

मरीजों की सुविधा के लिए 105 करोड़ रुपये की लागत से बने पांच मंजिले जिला नागरिक अस्पताल के भवन में फिजिशियन का पद खाली होने से मरीज बेहाल हैं। अस्पताल में पिछले दो वर्ष से फिजिशियन का पद खाली पड़ा है। खास बात यह है कि जिला नागरिक अस्पताल में रोजाना डेढ़ से दो हजार मरीजों की ओपीडी हो रही है। मगर फिजिशियन नहीं होने से मरीज अपने उपचार के लिए निजी अस्पतालों में जाकर उपचार करवाने को मजबूर हैं।



यमुनानगर। जिला नागरिक अस्पताल में ओपीडी में लगी मरीजों की भीड़।

-मरीजों की सुविधा के लिए दो सौ बैड का बनाया अस्पताल का भवन

प्रदेश सरकार द्वारा मरीजों की सुविधा के लिए शहर स्थित जिला नागरिक अस्पताल को दो सौ बैड बनाने के लिए 105 करोड़ रुपये खर्छ कर अस्पताल का पांच मंजिला भवन बनाया गया है। जिसका उद्घाटन भी किया जा चुका है। मगर पिछले दो साल से अस्पताल में फिजिशियन का पद खाली पड़ा होने से लोगों को सामान्य बीमारियों से संबंधित उपचार नहीं मिल पा रहा है।

खास बात यह है कि जिला नागरिक अस्पताल में रोजाना ढेड़ से दो हजार की संख्या में मरीजों की ओपीडी हो रही है। जिनमें अधिकांश खांसी, बुखार, जुखाम व हार्ट जैसी बीमारियों से पीड़ित मरीज पहुंच रहे हैं। मगर फिजिशियन का पद खाली होने से मरीज परेशान हैं। उन्हें निजी अस्पतालों में उपचार करवाने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। अस्पताल में अनुबंध आधार पर पहले फिजिशियन रखे गए थे। मगर अनुबंध खत्म होने के बाद दोबारा किसी की नियुक्ति नहीं हुई। हालांकि कुछ समय पहले एक फिजिशियन की नियुक्ति की गई थी। मगर उसने ड्यूटी ज्वाइन नहीं की। अस्पताल में मरीजों की रोजाना ओपीडी इतनी हो जाती है कि तीन फिजिशियन तैनात किए जाने जरुरी हैं।

### मेडिकल ऑफिसरों के 23 खाली पद

जिला नागरिक अस्पताल में मेडिकल अधिकारियों के 55 पद हैं। जिनमें से 23 पद खाली पड़े हैं। वहीं, एमबीबीएस डॉक्टरों को सरकार के कई कार्यक्रमों को कराने का प्रभार सौंपा हुआ है। ऐसे में यह डॉक्टर मरीजों को देखने के बजाय सारा दिन अन्य कार्यों में व्यस्त रहते हैं। जिनका खामियाजा मरीजों को भुगतना पड़ ररहा है। जिला सिविल सर्जन डॉ. मंजीत सिंह का कहना है कि जिले में फिजिशियन का पद काफी समय से खाली है। एक डॉक्टर की नियुक्ति हुई थी। लेकिन उसने ड्यूटी ज्वाइन नहीं की। प्रयास किए जा रहे हैं कि अस्पताल में जल्द से जल्द फिजिशियन का पद भरा जाए।

# विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**कुरुक्षेत्र।** गांव धंतौड़ी में एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। पुलिस ने इस संदर्भ में मृतका के भाई प्रवीण की शिकायत पर पति अजय, ससुर सुभाष व सास सुनीता के खिलाफ मामला दर्जकर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में प्रवीण ने बताया कि उसकी बहन ममता की शादी नवंबर 2022 में अजय निवासी धंतौड़ी के साथ हुई थी। शादी के बाद से ही अजय उसकी बहन ममता के साथ मारपीट करता था जिस बारे कई बार पंचायते हुई।

अजय उसकी बहन को कहता था कि उसने लैब करनी है उसे अपने घर से पैसे लाकर दे। गत मंगलवार को वह अपने घर बीड भादसो में था। उसके पास सूचना आई कि ममता की तबीयत खराब है। इसके बाद जब वह गांव धंतौड़ी पहुंचा तो उसने देखा कि उसकी बहन नीचे फर्श पर लेटी हुई थी। उसकी गर्दन पर निशान थे।

# ससुर व जेठ पर लगाया दुष्कर्म करने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

- पुलिस ने महिला की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ किया दुष्कर्म के आरोप में मामला दर्ज किया

महिला ने अपने ससुर व जेठ पर उसके साथ दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है। जानकारी के मुताबिक गांधी नगर थाना के अंतर्गत क्षेत्र की महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी शादी गत 18 फरवरी को अजय के साथ हुई थी। शादी के बाद से उसका ससुर व जेठ उस पर गंदी नजर रखने लगे। इस दौरान आरोपी अक्सर उसे अकेला पाकर उसके साथ छेड़छाड़ करते थे।

इस बारे में पति व सास को बताया तो उन्होंने इस बात को नजर अंदाज कर दिया। बाद में वह आरोपियों से परेशान होकर गत अक्तूबर में अपने मायके में चली गई। आरोप है कि गत 23 नवंबर को आरोपी ससुर व जेठ उसके मायके में आ गए। उस समय मायके में कोई नहीं था। आरोप है कि इस दौरान आरोपी जेठ ने उसे पकड़ लिया और जबरदस्ती उसके साथ दुष्कर्म कर लिया। बाद में उसके ससुर ने भी उसके साथ गलत काम किया और उसे किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी। काफी दिन तक वह चुप रही। मगर इसके बाद आरोपी उसे परेशान करने लगे। परेशान होकर उसने आरोपियों के खिलाफ पुलिस में शिकायत कर दी।

पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर दोनों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरु कर दी।

## खबर संक्षेप

### कंवरपाल ने कार्यालय पर लोगों की समस्याएं सुनी

**यमुनानगर।** हरियाणा के शिक्षा, वन एवं पर्यटन मंत्री स्वस्थ होने के बाद फिर से कार्यों में जुट गए हैं। उन्होंने बुधवार को जगाधरी स्थित अपने कार्यालय पर लोगों की समस्याएं सुनी और उनका समाधान करवाया। मौके पर शिक्षा मंत्री कंवरपाल ने उनके स्वास्थ्य की कामना को लेकर जनता के आर्शीवाद व स्नेह के लिए आभार जताया। शिक्षा मंत्री कंवरपाल ने कहा कि वह जनता के विकास कार्यों के लिए दृढ़ संकल्पित हैं। जनता के आर्शीवाद व दुआओं का नतीजा है कि वह गत दिनों गांव नागलपट्टी के जनसंवाद कार्यक्रम में तबियत बिगड़ने से अस्वस्थ होने के बाद स्वस्थ होकर जनता के बीच लौटे हैं।

### गंदगी फैलाने पर छह दुकानदारों के काटे चालान

**यमुनानगर।** नगर निगम प्रशासन खुले में गंदगी फैलाने वालों व अतिक्रमण करने वालों पर सख्त हो गया है। इसी के चलते नगर निगम की टीम ने अतिक्रमण करने व खुले में गंदगी डालने वाले छह दुकानदारों के चालान किए। महाराणा प्रताप चौक के पास खुले में गंदगी डालने पर तीन दुकानदारों पर कार्रवाई की गई। वही,ए मीरा बाई मार्केट में अतिक्रमण करने पर तीन दुकानदारों के चालान किए गए। इस दौरान निगम की टीम ने साढ़े 12 हजार रुपये चालान राशि वसूली गई।

प्रदर्शनकारियों ने सरकार के खिलाफ की नारेबाजी

# आंगनवाड़ी वर्कर्स और हेल्पर्स ने मांगों को लेकर किया धरना प्रदर्शन

■ मांगे पूरी नहीं हुई तो बड़ा आंदोलन करने की दी चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर



**यमुनानगर** |अपनी मांगो को लेकर धरना प्रदर्शन करते हुए आंगनवाड़ी वर्कर्स व हेल्पर्स।

आंगनवाड़ी वर्कर्स एवं हेल्पर्स यूनियन यमुनानगर की सदस्यों ने अपनी मांगो को लेकर बुधवार को जिला सचिवालय के समक्ष प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने सरकार के खिलाफ नारेबाजी और उनकी मांगे जल्द पूरी करने के लिए सरकार से मांग की। साथ ही उन्होंने मांगे पूरी नहीं किए जाने पर बड़ा आंदोलन करने की चेतावनी दी।

बुधवार सुबह सैंकड़ो आंगनवाड़ी वर्कर्स व हेल्पर्स जिला सचिव सुनीता व सुनीता सुघ के नेतृत्व में जिला सचिवालय के समक्ष एकत्र हो गई और धरना प्रदर्शन करने लगी। उन्होंने सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। मौके पर यूनियन की प्रांतीय कार्यकारी महासचिव बिजनेश राणा ने कहा कि प्रदेश में 52 हजार आंगनवाड़ी वर्कर और हेल्पर हैं। जिनकी मांगें पिछले कई सालों से लंबित है। उन्हें अपनी मांगों के लिए निरंतर संघर्ष करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि दीपावली का तोहफा कहकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आंगनवाड़ी वर्कर्स के 1500 और हेल्पर्स के 750 रुपये बढ़ाने का ऐलान किया था। मगर यह तोहफा पांच दीपावली पर्व मनाए जाने के बावजूद आज तक नहीं दिया गया। वहीं, उनकी हड़ताल के दौरान काटे गए मानदेय का भी उन्हें कुल 25 प्रतिशत ही दिया गया। जबकि 75 प्रतिशत मानदेय की राशि बकाया है। बिजनेश राणा ने कहा कि जिसके लिए गत 28 नवंबर को प्रदेश भर की सभी आंगनवाड़ी वर्कर एवं हेल्पर्स ने पंचकूला में प्रदर्शन कर विरोध जताया था। मगर इसके बावजूद उनकी मांगे पूरी नहीं की जा रही हैं।

मौके पर सीटू के जिला मुख्य सलाहाकार विनोद त्यागी ने कहा कि विभाग के अधिकारियों ने प्रतिनिधिमंडल से उनकी मांगों का जल्द समाधान करने का आश्वासन दिया था। मगर वह भी पूरा नहीं किया गया। उन्होंने सरकार से उनकी लंबित पड़ी सभी मांगों को तुरंत पूरा किए जाने की मांग की। साथ ही उन्होंने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगो को पूरा करने में विलंब किया गया तो वह बड़ा आंदोलन करने पर मजबूर होंगी मौके पर सुरजीत सिंह, राजबीर पंडोरा, ज्योत सिंह, रोशन लाल, रेखा सैनी, मिनाक्षी, दया , सुनैना, किरण व पुष्पा आदि मौजूद रही।

# छात्रा अनव, भाविका व समायरा ने जीती स्टॉप एंड रन रेस स्पर्धा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर



यमुनानगर के रादौर क्षेत्र स्थित संजय गांधी मेमोरियल पब्लिक स्कूल में प्रतियोगिता का रिबन काटकर शुभारंभ करते मुख्यातिथि रणधीर चौधरी।

संजय गांधी मेमोरियल पब्लिक स्कूल एवं सुरेंद्रा हाई स्कूल की ओर से बुधवार को खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ शहीद भगत सिंह मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष रणधीर चौधरी ने रिबन काटकर व दीप प्रज्जवलित कर किया। इस दौरान मार्च पास्ट से खिलाड़ियों ने मुख्य अतिथियों को सलामी दी। प्रतियोगिता के पहले दिन कक्षा प्री नर्सरी से केजी तक के बच्चों ने स्टॉप एंड रन बुक बैलेस रेस, जंपिंग, फॉग रेस में भाग लिया। कक्षा पहली से तीसरी तक के बच्चों ने चैन रेस, म्यूजिकल चेयर, स्किपिंग रोप, रिले रेस, स्टॉक कप आदि प्रतियोगिताओं में भाग लेकर अपने जौहर दिखाए। स्टॉप एंड रन रेस प्रतियोगिता में अनव, भाविका, समायरा विजेता घोषित किए गए। बुक बैलेंस रेस में हेमंत, अगमवीर, स्नेहा व हर्षित विजेता रहे। जंपिंग रेस में रमनीत, शिवांगी, आरवी ने जीत दर्ज की। म्यूजिकल चेयर प्रतियोगिता में वाणी, मानवी, सृष्टि विजेता रहे। स्किपिंग रेस में जसिका, आरती, अशध्य, रागिनी व फॉग रेस में यश, दिव्यांक व रितिका विजेता रहे। स्कूल प्रबंधक रणधीर चौधरी, प्रिंसिपल सोनिया चानना, नवदीप सिंह बरार, मोहित बालियान, राजविंद्र कौर, सतनाम सिंह, सुरेश चानना, शरणप्रीत कौर, प्रभजोत कौर, गगनदीप, निशा चानना व शीतल आदि मौजूद रही।

# पांच रुपये में मिलेगा भरपेट खाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर



**यमुनानगर।** रादौर में रसोई खोलने को लेकर आयोजित बैठक में भाग लेते संस्थाओं के प्रतिनिधि।

रादौर में रसोई खोलने को लेकर बुधवार को कस्बा की कांबोज धर्मशाला में रोटरी क्लब, अनाजमंडी एसोसिएशन, भारत विकास परिषद, लायंस क्लब, सब्जी मंडी एसोसिएशन, सैनी सभा, संत निरंकारी, आर्य समाज, युवा कांबोज सभा, अग्रवाल सभा, पंजाबी सभा, पंतजलि समिति, ब्राहम्ण सभा, राधा स्वामी, जाट सभा, नम्बरदार सभा व महंत स्वामी उदय आत्मानंद आदि संस्थाओं के प्रतिनिधियों की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता समाजसेवी एवं उद्योगपति संदीप गर्ग ने की। समाजसेवी एवं उद्योगपति संदीप गर्ग ने बताया कि 18 दिसंबर को रादौर के पुराने बस स्टेंड पर रादौर रसोई खोलने पर प्रतिनिधियों के साथ विचार विमर्श किया गया। रसोई में पांच रुपये में भर पेट खाना दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि वह संस्थाओं के साथ मिलकर रादौर में लोगों को मात्र 5 रूपये में भरपेट खाना देने के लिए रादौर रसोई की शुरूआत करने जा रहे हैं। जिससे लोगों को बिना किसी परेशानी के भरपेट भोजन मिल सके। उन्होंने कहा कि 18 दिसंबर से प्रतिदिन रादौर में बस स्टैंड के नजदीक रादौर रसोई के नाम से एक योजना शुरू की जाएगी। मौके पर राजिन्द्र

# विकसित भारत जनसंवाद संकल्प यात्रा का स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर



विकसित भारत जन संवाद संकल्प यात्रा कार्यक्रम के तहत बुधवार को पूर्व मंत्री कर्णदेव कांबोज द्वारा गांव जठलाना व उन्हेड़ी में केन्द्र व हरियाणा सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई। ग्रामीणों ने यात्रा का जोरदार स्वागत किया। पूर्व राज्यमंत्री कर्णदेव कांबोज ने कहा कि सरकार ने समाज के ऐसे वंचितों को प्राथमिकता दी है जो दशकों से मूलभूत सुविधाओं से वंचित थे और उनकी सुध लेने वाला कोई नहीं था। मौके पर उन्होंने विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई स्टॉलों का निरीक्षण किया। इस दौरान महिन्द्र सिंह, शेर सिंह, जितेन्द्र सिंह, अलाउद्दीन, निर्मला, पवन कुमार, राधा, मैन पाल सिंह, कुसुम देवी, कशमीर सिंह, जगदीश सिंह, सलोचना की पेंशन बनाई गई। जिन्हें पैंशन के दस्तावेज सौंपे गए। मौके पर विकास गीतों के माध्यम से कलाकारों ने किया ग्रामीणों को जागरूक किया।

# मतदाताओं के घर द्वार पहुंचकर उम्मीदवारों ने मांगा समर्थन

## जिला बार एसोसिएशन यमुनानगर का चुनाव 15 दिसंबर को

**यमुनानगर।** जिला बार एसोसिएशन यमुनानगर के 15 दिसंबर को हो रहे 41वें चुनाव में अपनी जीत सुनिश्चित करने के लिए उम्मीदवारों ने बुधवार को मतदाताओं के घर द्वार पर पहुंचकर अपने लिए समर्थन मांगा। इस दौरान मतदाताओं ने भी घर द्वार पर आए उम्मीदवारों को अपना वोट देने का आश्वासन देकर उन्हें विदा किया। हालांकि कुछ उम्मीदवारों ने अलग-अलग स्थानों पर अपने समर्थकों के साथ बैठकर जीत सुनिश्चित करने के लिए रणनीति बनाई। खास बात यह रही कि बुधवार को दिन भर बार चुनाव के प्रधान, महासचिव संयुक्त सचिव पद के लिए चुनाव लड़ रहे सभी उम्मीदवारों ने चुनाव प्रचार में पूरी ताकत झोंके रखी।

### प्रधान पद के लिए रोचक बना मुकाबला

जिला बार एसोसिएशन चुनाव में इस बार पांच उम्मीदवार अपना भाग्य आजमा रहे हैं। अभी तक पांचो उम्मीदवार एक दूसरे को कड़ी टक्कर दे रहे हैं। वहीं, मतदाता भी अभी मौन हैं। वह भी किसे अपना मत देंगे उसे उजागर नहीं कर रहे हैं। हालांकि उम्मीदवारों के समर्थक बार सदस्य ही खुलकर अपने चहेते उम्मीदवार की जीत पक्की होना बता रहे हैं। वहीं, अधिकांश उम्मीदवारों व उनके समर्थकों ने बुधवार को अपनी जीत सुनिश्चित करने के लिए मतदाताओं के घरों में पहुंचकर उनसे अपने लिए वोट मांगा।

### इनके बीच है मुकाबला

जिला बार एसोसिएशन चुनाव में प्रधान पद पर पांच उम्मीदवार एडवोकेट अरुण ढांडा, एडवोकेट एवं पूर्व प्रधान रहे बलविंद्र कुमार सैनी, एडवोकेट दिनेश चौहान, एडवोकेट रविंद्र सिंह सोही व एडवोकेट विक्रांत सिंह चौहान के बीच मुकाबला है। अभी तक प्रधान पद के लिए चुनाव मैदान में उतरे पांचो उम्मीदवारों के बीच कड़ी टक्कर चल रही है। दिलचस्प बात यह है कि पांचो उम्मीदवारों ने चुनाव प्रचार में अपनी पूरी ताकत झोंक दी है और मतदाताओं के घर-घर पहुंचकर चुनाव प्रचार शुरू कर दिया है। वहीं, महासचिव के पद के लिए तीन उम्मीदवार एडवोकेट अभिषेक बांगर, एडवोकेट अरविंद कुमार अंसल व एडवोकेट विशाल गर्ग के बीच मुकाबला रोचक बना हुआ है। जबकि संयुक्त सचिव के पद पर चुनाव मैदान में उतरे दो उम्मीदवारों एडवोकेट सर्वजीत सिंह गुंबर व एडवोकेट सानू शर्मा के बीच सीधा मुकाबला है। वहीं, उप प्रधान पद पर रविंद्र सिंह संधु व कोषाध्यक्ष पद पर राकेश कुमार सैनी पहले ही निर्विरोध चुने जा चुके हैं।

# विद्यार्थियों ने श्रीमद्भागवत कथा के बारहवें व पंद्रहवें अध्याय का किया उच्चारण

**यमुनानगर।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय खदरी में अंतरराष्ट्रीय गीता जयंती महोत्सव के उपलक्ष में बुधवार को गीता जयंती महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रभारी मोहन लाल ने दीप प्रज्वलित करके किया। जबकि अध्यक्षता



विद्यालय की अध्यापिका मीनाक्षी व कविता ने किया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने श्रीमद्भागवत गीता के बारहवें व पंद्रहवें अध्याय का संगीतमय उच्चारण कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। विद्यालय के प्रभारी मोहन लाल ने श्रीमद्भागवत गीता के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर अध्यापिका मधु मेहता, सुमन, रजनीश, कमलेश व ललित त्यागी ने भी श्रीमद्भागवत गीता के प्रति अपने विचार व्यक्त किए।

# नशा विरुद्ध आयोजित किया कार्यक्रम

■ नशा छोड़कर युवावर्ग अपने जीवन को सकारात्मक कार्यों में लगाएं :- डॉ. वर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर



**यमुनानगर।** राजकीय औद्योगिक संस्थान में आयोजित कार्यक्रम में विद्यार्थियों को नशा से दूर रहने के लिए प्रेरित करते हुए मुख्य वक्ता एवं उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा।

हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के तत्वावधान में शहर के राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में एक दिवसीय 65 वां नशा विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता के रुप में ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने भाग लिया। उन्होंने युवाओं को जीवन में किसी भी प्रकार का नशा नहीं करने की शपथ दिलवाई। मुख्य वक्ता एवं ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा से जीवन रक्षा, साइबर अपराधों के बचने व नशा से दूर रहने के बारे में जानकारी दी।

### नशा की ओवरडोज से 681 लोगों की हुई मौत

*ब्यूरो के जागरुकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने बताया कि आंकड़ो के मुताबिक भारत में पिछले वर्ष नशीले पदाथोंर् के ओवरडोज लेने से 681 लोग मृत्यु को प्राप्त हुए हैं । जिसमें 116 महिलाएं भी शामिल हैं। उन्होंने युवाओं से आहवान किया कि नशा छोड़कर अपने जीवन को सकारात्मक कार्यों में लगाएं और समाज व राष्ट्र के विकास कार्यों में लगाएं। उन्होंने बताया कि यदि एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत आने वाले नशीले पदार्थ मनुष्य के स्वास्थ्य के लिए जरा भी अच्छे होते तो सरकार उनके ठेके खोल देती। कार्यशाला में संस्थान के कार्यकारी प्राचार्य पवन कांबोज ने डॉ. अशोक कुमार वर्मा का धन्यवाद किया और विद्यार्थियों को उन द्वारा दिए गए संदेश को अपने जीवन में लागू करने के लिए आहवान किया।*

### भगवान श्रीकृष्ण के जन्म पर झूमे श्रद्धालु

**यमुनानगर।** इस्कॉन द्वारा शहर के सिटी पैलेस में गीता जयंती महोत्सव के उपलक्ष में आयोजित की जा रही श्रीमद्भागवत कथा में बुधवार को श्री कृष्ण का जन्म उत्सव मनाया गया। वृंदावन से आए कथाव्यास हयग्रीव दास ब्रह्मचारी ने फरमाया कि श्री कृष्ण का जन्म अत्याचारों से मुक्ति के लिए हुआ। उन्होंने समाज को एक दिशा दी। यही नहीं समाज के कल्याण के लिए भगवान श्रीकृष्ण ने महाभारत के युद्ध में गीता का उपदेश दिया। यही गीता का उपदेश आज पूरे विश्व में सम्मनीय है। उन्होंने कहा कि श्री कृष्णा ने जहां बाल अवस्था में कई तरह की शिक्षाएं आने वाली पीढ़ी को दी। वहीं युवा अवस्था में उन्होंने लोगों को अपने कर्तव्यों का पालन कैसे करना चाहिए यह समझाने का प्रयास किया। कथाव्यास ने फरमाया कि श्री कृष्ण ने कर्म करने पर बल दिया। समाज के सभी लोगों को इन उपदेशों से प्रेरणा लेकर अपना अपना कर्म ईमानदारी व निष्ठा से निभाना चाहिए। तभी देश विकास के पग पर आगे बढ़कर फिर से विश्व गुरु बन सकता है।

# प्रदेश भर में समान रुप से हो रहे हैं हर हल्के में विकास कार्य : घनश्याम

■ विधायक घनश्याम दास अरोड़ा व मेयर ने शहर में 96.72 लाख के विकास कार्यों का किया शिलान्यास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर



यमुनानगर में विकास कार्यों का शिलान्यास करते हुए विधायक घनश्याम दास अरोड़ा व मेयर मदन चौहान।

हरियाणा सरकार द्वारा प्रदेश भर के हर हल्के में समान रुप से विकास कार्य करवाए जा रहे हैं। इसी कड़ी में नगर निगम यमुनानगर क्षेत्र में भी विकास कार्यों में कोई कमी नहीं रहने दी जा रही है। उक्त जानकारी सिटी विधायक घनश्याम दास अरोड़ा व मेयर मदन चौहान ने बुधवार को शहर में 96.72 लाख रुपये के विकास कायोंर् का शिलान्यास करते हुए कहे।

बुधवार सुबह विधायक घनश्याम दास अरोड़ा व मेयर मदन चौहान ने सबसे पहले वार्ड नंबर 16 के हरबंसपुरा में बूटर पेट्रोल पंप के पीछे 24.95 लाख की लागत से विभिन्न गलियों में एनपी दो पाइप लाइन डालने के कार्य का शिलान्यास किया और नारियल फोड़कर निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। इसके बाद वार्ड नंबर 12 के ताजकपुर में 71.77 लाख की लागत से होने वाले विकास कायोंर् का शिलान्यास किया गया। विधायक घनश्याम दास अरोड़ा व मेयर मदन चौहान ने संबंधित अधिकारियों को दोनों विकास कार्यों को जल्द से जल्द पूरा करने के निर्देश दिए ताकि क्षेत्रवासी इन विकास कायोंर् से लाभान्वित हो सकें। विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री के नेतृत्व में पूरे हरियाणा में समान रुप से विकास कार्य करवाए जा रहे हैं। मौके पर पार्षद संजीव कुमार, एमई कुलदीप यादव, जेई सतपाल, महामंत्री मनोज कुमार, रामपाल, जसवंत व सरदारी लाल आदि मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय मतदाता दिवस के उपलक्ष्य में चलाया जाएगा स्वीप अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जिला निर्वाचन विभाग की ओर से चलाए जा रहे विशेष पुनरीक्षण अभियान में मतदाताओं से दावे और आपत्तियां लिए जाने का चरण पूरा हो चुका है। अब विधानसभा क्षेत्र के निर्वाचन पंजीयन अधिकारी 23 दिसंबर तक इन दावे और आपत्तियों का निपटान करेंगे। उक्त जानकारी जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने बुधवार को अपने कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत करते हुए दी। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने बताया कि जिला के चार विधानसभा क्षेत्रों की मतदाता सूचियों का पुनरीक्षण अभियान गत 27 अक्तूबर को शुरू किया गया था। जिसमें एक जनवरी 2024 को आधार तिथि मानकर 18 साल की आयु पार करने वाले युवाओं से वोट बनवाने के फार्म लिए गए। इस दौरान सभी बूथों पर बीएलओ की ड्यूटी लगाकर नागरिकों से वोट बनवाने, वोट कटवाने और वोट स्थानांतरित करवाने तथा मतदाता सूची में नाम, पता व फोटो आदि से संबंधित शुद्धि करवाने के लिए फार्म जमा करवाए गए। इसके अलावा युवाओं को एनवीपीएस पोर्टल पर भी ऑनलाइन मतदाता सूची से संबंधित आवेदन करने के लिए जागरूक किया गया। उन्होंने बताया कि एसडीएम व निर्वाचन पंजीयन अधिकारी की ओर से इन दावे तथा आपत्तियों का निपटान किया जाएगा।

**कार्यक्रम** कडकौली व हाफिजपुर में विकसित भारत जनसंवाद संकल्प यात्रा में पहुंचे शिक्षा मंत्री कंवरपाल

# माई भारत पोर्टल पर प्रत्येक युवा कराए पंजीकरण : कंवरपाल

हरिभूमि न्यूज. यमुनानगर





**यमुनानगर।** कडकौली गांव में आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम में सरकार की योजनाएं बताते हुए शिक्षा मंत्री कंवरपाल व भाग लेते हुए ग्रामीण। फोटो :हरिभूमि

हरियाणा के शिक्षा,वन एवं पर्यावरण मंत्री कंवरपाल ने कहा कि आज की युवा पीढ़ी अमृत काल की पीढ़ी है। युवा पीढ़ी देश को विकसित बनाने का संकल्प लेते हुए अपना योगदान दे। उन्होंने बुधवार को जगाधरी विधानसभा के गांव कडकौली व हाफिजपुर में आयोजित विकसित भारत जनसंवाद संकल्प यात्रा में ग्रामीणों से सीधा जनसंवाद किया। शिक्षा मंत्री कंवरपाल ने युवा पीढ़ी को आहवान किया कि वह विकसित भारत का सपना देखते हुए संकल्प लें और उसे सिद्धि में बदलने की दिशा में काम करें। उन्होंने कहा कि साढे.नौ वर्ष पहले पूर्व की सरकारों के समय गैस कनेक्शन के लिए लाइनें लगती थी। आज घरों तक गैस कब पहुंचती है किसी को पता नहीं चलता है। यह सब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनहितैषी नीतियों का परिणाम है। उन्होंने कहा कि यह मोदी की व्यवस्था परिवर्तन का परिणाम है कि सरकारी अधिकारी गांव गांव जाकर पात्र लोगों को योजनाओं का लाभ दे रहे हैं।

शिक्षामंत्री कंवरपाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने युवाओं को राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने के भरपूर अवसर देने के लिए मेरा युवा भारत पोर्टल शुरू किया है। ज्यादा से ज्यादा युवाओं को माई भारत पोर्टल पर अपना पंजीकरण कराना चाहिए। इस पोर्टल के माध्यम से मेरा भारत संगठन युवाओं को ऐसा अवसर देगा। जिसमें वह अपनी कौशल क्षमताओं को निखारने और उसका उपयोग करने का अवसर प्राप्त कर सकेंगे। शिक्षामंत्री कंवरपाल ने कहा कि सरकार से जुड़े कार्य के लिए हम दफ्तरों में जाते हैं और अपना काम कराने की कोशिश करते थे। मगर आज सभी कार्यालय आपके गांव में आएं हैं। पीएम मोदी पहल पर सरकार योजनाओं का लाभ देने के लिए आपके दरवाजे पर आ रही है। मोदी-मनोहर सरकार की योजनाओं का लाभ मौके पर ही दिया जा रहा है। मौके पर विकसित भारत जनसंवाद संकल्प यात्रा कार्यक्रम के दौरान सभी ने एक साथ मिलकर भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प लेते हुए शपथ ली।

खबर संक्षेप

## डाक सेवकों की हड़ताल दूसरे दिन भी रही जारी

**कुरुक्षेत्र।** अखिल भारतीय ग्रामीण डाक सेवक संघ के आह्वान पर हड़ताल पर चल रहे ग्रामीण डाक सेवकों की हड़ताल दूसरे दिन भी जारी रही। मंगलवार को भी गामीण डाक सेवक रेलवे रोड स्थित मुख्य डाकघर के समक्ष धरने पर बैठे रहे। ग्रामीण डाक सेवक 8 घंटे की ड्यूटी व पेंशन सहित सभी लाभ देने की मांग कर रहे है। आंदोलनरत ग्रामीण डाक सेवको का कहना है की जब तक हमारी मांगे नही मानी जाएगी तब तक हड़ताल जारी रहेगी। वही दूसरी और ग्रामीण डाक कमीर्यो के हड़ताल पर जाने से ग्रामीण क्षेत्र को डाक व्यवस्थाए प्रभावित हो रही है। गांवों में डाक वितरण और डाक बुकिंग सेवाए हड़ताल की वजह से बंद है।

## बेटियों की मांग पर मंत्री का त्वरित एक्शन

**कलायत।** महिला एवं बाल विकास राज्यमंत्री कमलेश ढांडा ने कहा कि गांव चौशाला की बेटियों की मांग पर 15 दिसम्बर से कलायत से चौशाला की बस सेवा शुरू हो जाएगी। बुधवार को गांव चौशाला में विकसित भारत संकल्प एवं जन संवाद यात्रा कार्यक्रम के दौरान राज्यमंत्री कमलेश ढांडा के पास गांव की बेटियों ने रोडवेज बस सेवा शुरू करने की मांग रखते हुए अपनी परेशानी राज्यमंत्री को बताई। महिला एवं बाल विकास राज्यमंत्री कमलेश ढांडा ने गांव चौशाला में बेटियों की मांग सुनते ही तुरंत जीएम रोडवेज को 15 दिसम्बर से कलायत से चौशाला के लिए बस सेवा शुरू के निर्देश दिए हैं।

### अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव: शिल्प और सरस मेले के सातवें दिन पर्यटकों ने जमकर की खरीदारी

# लुप्त हो रही संस्कृति को संरक्षित कर रहा ब्रह्मसरोवर

ब्रहमसरोवर के पावन तट विभिन्न प्रदेशों के कलाकार और शिल्पकार दिखा रहे अपना हुनर

हरिभूमि न्यूज ⏩ कुरुक्षेत्र

हरियाणा की लोक कला और संस्कृति की लुप्त होने के कगार पर पहुंच चुकी कई विधाओं को संरक्षित करने का काम अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव कर रहा है। इस महोत्सव में ढेरु गायन गाथा, बाजीगर कला और कच्ची घोड़ी जैसी लोक कलाओं को ब्रहमसरोवर के पावन तट पर देखा जा रहा है। इस महोत्सव से न केवल लोक संस्कृति को जींवत रखने का प्रयास सरकार की तरफ से किया जा रहा है बल्कि लोक कलाकारों को रोजगार के अवसर भी उपलब्ध करवाएं जा रहे है। अहम पहलू यह है कि ब्रहमसरोवर के तट पर ढेरु गाथा गायन ग्रुप के कलाकार हरियाणवी संस्कृति का रंग जमा रहे है। उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक कला केन्द्र पटियाला, हरियाणा कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग, हरियाणा कला परिषद और कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड के साथ-साथ राज्य सरकार की तरफ से हरियाणा ही नहीं विभिन्न प्रदेशों की लोक संस्कृति को संरक्षित करने और कलाकारों को एक मंच मुहैया करवाने का काम अंतर्राष्ट्रीय गीता


कुरुक्षेत्र। पर्यटकों का मनोरंजन करते ढेरू पार्टी के कलाकार। फोटो : हरिभूमि

महोत्सव के जरिए किया जा रहा है। इस महोत्सव में विभिन्न प्रदेशों की लोक कला को पर्यटकों के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है। इन प्रदेशों के उन लोक नृत्यों को कलाकार प्रस्तुत कर रहे है, जो लोक कला लुप्त होने के कगार पर पहुंच चुकी है। लोक कलाकार ने बातचीत के दौरान इस बात का खुलासा किया कि हरियाणा प्रदेश में कुछ ही कलाकार ही बचे है जो बीन, तुंबा, ढोलक, खंजरी बजा कर जोगी नाथ बीन सपेरा परम्परा को आगे बढ़ाने का काम कर रहे है। उन्होंने कहा कि उनके ग्रुप में उनके अन्य साथी कलाकार भी उनके साथ इस कला को जीविंत रखने का काम कर रहे है। सभी कलाकार पारम्पकि वेशभूषा से सुसज्जित होकर बीन, तुम्बा, ढोलक, खंजरी बजाकर लोगों का मनोरंजन कर रहे है। महोत्सव के शिल्प और सरस मेले के सातवें दिन हरियाणा के विभिन्न गांवों के लोक कलाकारों ने ब्रहमसरोवर के उत्तरी तट पर ढेरु गाथा गायन की प्रस्तुती देकर पर्यटकों को झुमने पर मजबुर कर दिया। इन लोक कलाकारों ने ढेरु गाथा गायन के जरिए गुरु गोरख नाथ जी की गाथा, जवाहर गूगा पीर की गाथाओं का गुणगान किया। इन लोक कलाकारों का कहना है कि यह लोक कला विलुप्त करने के कगार पर पहुंच चुकी है। सरकार और प्रशासन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव से लोक कलाओं को जींवत रखने का प्रयास किया जा रहा है। अंतराष्ट्रीय गीता महोत्सव के शिल्प और सरस मेले में पर्यटकों ने बुधवार को जमकर खरीददारी की है। एक तरफ जहां पर्यटक ब्रहमसरोवर के तट पर खिली धुप में विभिन्न प्रदेशों के व्यंजनों का स्वाद चख रहे थे, वहीं अलग-अलग स्टॉलों पर जाकर खरीददारी भी कर रहे थे। इतना ही नहीं युवा वर्ग मेले में सेल्फी लेकर अपने आपको आनंदित महसुस कर रहे है।


कुरुक्षेत्र। सूट दिखाता शिल्पकार मोहम्मद हनीफ। फोटो : हरिभूमि

### महोत्सव से 24 सालों से जुड़ें हैं बनारस के हनीफ

*बनारस के शिल्पकार मोहम्मद हनीफ का अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव के साथ 24 सालों का नाता रहा है। इस महोत्सव में 1999 से लगातार आ रहे है और महोत्सव में आने वाली बेटियों और महिलाओं के लिए बनारसी सूट, साड़ी और दुपट्टे तैयार करके लाते है। इस महोत्सव से लगाव होने के कारण हर वर्ष बेसब्री के साथ इंतजार करते है। शिल्पकार मोहम्मद अनीफ ने अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव-2023 में ब्रहमसरोवर के दक्षिणी छोर पर स्टॉल नंबर 402 लगाया है। इस महोत्सव के लिए बनारसी सूट, साड़ी और दुपट्टद्वे तैयार करके लाए है। उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक कला केंद्र पटियाला की तरफ से देश के हर शिल्प मेले में आमंत्रित किया जाता है, वो अपनी शिल्पकला को लेकर केवल मेलों में ही जाते है। उनकी कहीं पर भी कोई अपनी निजी दुकान नहीं है। इन मेलों के बाद उनके पास जो भी समय बचता है, उस समय में अपनी खड्डियों से सूट, साड़ी और दुपट्टद्वे तैयार करते है। उन्होंने कहा कि इस शिल्पकला में उनके परिवारों के 1 हजार सदस्य लगे हुए है, सभी बनारसी साड़ी, सूट व दुपट्टद्वे बनाने का कार्य करते है। उनका यह कार्य पुश्तैनी है। इसलिए इस शिल्पकला से उनके परिवारों का पालन-पोषण भी सीधे तौर पर जुड़ा हुआ है।*

### बिछड़ों को मिला रहा हैं सूचना केन्द्र

अंतराष्ट्रीय गीता महोत्सव-2023 में ब्रहमसरोवर के मुख्य द्वार पर जिला सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग की तरफ से सूचना केन्द्र स्थापित किया गया हैं। इस सूचना केन्द्र के माध्यम से बिछड़ों को मिलाने का काम कर रहा हैं। डीआईपीआरओ डा. नरेन्द्र सिंह ने बताया कि इस सूचना केन्द्र से पल-पल की सूचनाओं का आदान-प्रदान किया जा रहा है। इसके साथ-साथ महोत्सव में आने वाले पर्यटकों को पल-पल की जानकारी दी जा रही है। इस सूचना केन्द्र पर विजय कुमार, बरखा राम, कृष्ण लाल, मनोज कुमार, राजकुमार शर्मा, पवन कुमार सहित अन्य कर्मचारी महोत्सव में आने वाले पर्यटकों को विभिन्न सूचनाओं का आदान-प्रदान कर रहे है।


थानेसर। स्टॉल पर रखी शॉले। फोटो : हरिभूमि

### सबकों भा रही कश्मीरी शॉल

**थानेसर।** जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर से शिल्पकार शहजाद अहमद ने पश्मीना शॉल पर तिल्लियों से कढ़ाई करके राष्ट्रीय अवार्ड हासिल किया। यह राष्ट्रीय अवार्ड भारत सरकार वस्त्र मंत्रालय की तरफ से वर्ष 2011 में दिया गया। इस शिल्पकार का अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव के साथ मन से लगाव है। इसलिए पिछले 7 सालों से इस महोत्सव में अपनी शिल्पकला के साथ पहुंच रहे है। शिल्पकार शहजाद अहमद ने अतंर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव-2023 में शिल्प मेले में स्टॉल नंबर 170 पर अपनी शिल्पकला को सजाया है। शिल्पकार शहजाद अहमद ने बातचीत करते हुए कहा कि उनके परिवार के सभी सदस्य शॉल की कढ़ाई की शिल्पकला में तल्लीन रहते है। इस शिल्पकला को संजो कर रखने के लिए खासा प्रयास कर रहे है। इस शिल्पकला को लेकर उन्होंने पश्मीना शॉल पर तिल्लियों से कढ़ाई करके कानी शॉल तैयार किया। इस शॉल को तैयार करने में लगभग 1 साल का समय लगा और वर्ष 2011 में इस शिल्पकला पर उन्हे भारत सरकार वस्त्र मंत्रालय की तरफ से राष्ट्रीय अवार्ड दिया गया। इस अवार्ड को लेकर उनके परिवार को खासा उत्साह मिला। उन्होंने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव के साथ-साथ दिल्ली प्रगति मैदान, चंडीगढ़ कला मैदान, उदयपुर सहित एनजेडसीसी की तरफ से जहां-जहां उन्हें आमंत्रित किया जाता है, वहां-वहां वे अपनी शिल्पकला के साथ पहुंच जाते है। इस महोत्सव में पर्यटकों के लिए कानी शॉल, कश्मीरी सूट, कश्मीर का फेमस फेरन, दुपट्टद्वे विशेष तौर पर लेकर आए है।

## ऑनलाइन सत्र में मानवाधिकारों से जुड़े महत्वपूर्ण तथ्यों पर चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏩ थानेसर

उदयन शालिनी फेलोशिप कुरुक्षेत्र ने मानव अधिकार दिवस के उपलक्ष्य में ऑनलाइन सत्र का आयोजन किया। इस सत्र में यूएसएफ की संयोजक डॉ. सुषमा शर्मा व सह संयोजक पूजा ने मानव अधिकार के इतिहास व 2023 वर्ष की थीम 'समानता, असमानताओं को कम करना, मानवाधिकारों को आगे बढ़ाना' पर प्रकाश डाला। उन्होंने सभी शालिनियों को मानवाधिकार दिवस की 75वीं वर्षगांठ की बधाई दी तथा सभी को अपने मानव अधिकारो के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया। इस सत्र को बैच 13वें से लेकर बैच 18वें तक की कुल 53 शालिनियों ने भाग लिया। ज्योतिका ने सभी शालीनियो को संबोधित करते हुए आधारभूत सिद्धांतो पर चर्चा की। इसके बाद सभी बैच की शालिनियों ने सुंदर कविताओं के माध्यम से मानवाधिकार दिवस के महत्व को बताया। इस सत्र के अंत में एक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता भी आयोजित की गई, जिसमें सभी शालिनियों ने भागीदारी की।



## श्रीमदभागवत कथा का आयोजन 17 से

**कुरुक्षेत्र।** अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव के अवसर पर श्री ब्राह्मण एवं तीर्थोद्घार सभा द्वारा कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड एवं राष्ट्र सेविका समिति के सहयोग से 17 दिसंबर से 23 दिसंबर तक श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन सन्निहित सरोवर पर किया जा रहा है। इस अवसर पर व्यास पीठ से डा. स्वामी शंकरानंद सरस्वती जी महाराज अमृत वर्षा बरसाएगें। सभा के मुख्य सलाहकार एवं केडीबी के पूर्व सदस्य जय नारायण शर्मा ने दी। उन्होंने बताया कि कथा के शुभारंभ पर श्रीब्राह्मण एवं तीर्थोद्घार सभा को मुख्यमंत्री ऐच्छिक निधि से निर्माण कार्य के लिए 21 लाख रुपए दिलवाने के लिए विधायक सुभाष सुधा का सभा द्वारा अभिनंदन किया जाएगा।

## खेलों से होता है शरीर का विकास: सैनी

- धुराला में जगजीत सिंह अटवाल ने करवाया क्रिकेट टुर्नामेंट

हरिभूमि न्यूज ⏩ !!!

कांग्रेस ओबीसी सैल के जिला प्रधान सुरेंद्र सैनी भिवानीखेड़ा ने कहा है कि खेल को हमेशा खेल भावना से खेलना चाहिए। खेलों से शरीर का मानसिक, शारीरिक व बौद्धिक विकास होता है। वहीं खेलने से स्वास्थ्य तंदरूस्त रहता है। युवाओं को खेल अवश्य खेलने चाहिए। खिलाड़ी खेल में हार की परवाह न करें। खेल में हार व जीत होती रहती है। खिलाड़ी हार को भूलकर आगे बढें और अपना भविष्य बनाएं। वे गांव धुराला में जगजीत सिंह अटवाल द्वारा कराए गए क्रिकेट टूनार्मेंट के समापन पर बतौर मुख्यातिथि संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि खेल हमारे जीवन का अभिन्न अंग है। युवाओं को पढाई के साथ साथ खेलों में भी भाग लेना चाहिए। खेलों से शरीर स्वस्थ व मजबूत बनता है और लगातार खेल खेलने से प्रतिभाओं में निखार आता है। युवाओं को नशे से दूर रहकर खेलों में अपना ध्यान लगाना चाहिए। उन्होंने कहा कि खेल के माध्यम से खिलाड़ी अपनी प्रतिभा के बल पर कोई भी मुकाम हासिल कर सकते हैं। प्रदेश के खिलाड़ियों ने उम्दा प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रीय, एशियाई व ओलंपिक खेलों में अपने प्रदेश व देश का नाम रोशन करने का काम किया है। इस मौके पर उन्होंने टूनार्मेंट का फाइनल जीतने वाली गांव कुराड की टीम को बधाई दी।


कुरुक्षेत्र। क्रिकेट टूनार्मेंट में विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित करते सुरेंद्र सैनी।

## 22 को कुरुक्षेत्र में यात्रा का होगा स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏩ कुरुक्षेत्र

आम आदमी पार्टी की हरियाणा की 90 विधानसभाओं और 10 लोकसभाओं से होने वाली बदलाव यात्रा आगामी 15 दिसम्बर से 24 दिसम्बर तक आयोजित की जा रही है। प्रदेश के अलग अलग चार जिलों से आरंभ होने वाली यात्रा को लेकर पार्टी नेता,पदाधिकारी और कार्यकर्ता यात्रा को सफल बनाने के लिए जी जान से जुट गए है। वही पूर्वमंत्री निर्मल सिंह की अगुवाई में कालका से आरम्भ होकर कुरुक्षेत्र की चारों विधानसभाओं से होकर गुजरने वाली यात्रा के स्वागत के लिए आज झांसा रोड़ स्थित पार्टी कार्यालय में जिलाध्यक्ष जगबीर जोगनाखेड़ा ने पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकताअरं की बैठक ली। इस बैठक में तमाम पदाधिकारियों की यात्रा के स्वागत व अन्य गतिविधियों को लेकर ड्यूटियां भी लगाई। इस मौके पर जिलाध्यक्ष जगबीर जोगनाखेड़ा ने बताया कि आम पूर्व मंत्री निर्मल सिंह की अगुवाई में कालका से यात्रा आरंभ होगी। जो 19 दिसंबर दोपहर के समय लाडवा पहुंचेगी। इसके पश्चात यात्रा शाहाबाद की ओर प्रस्थान करेगी। शाहाबाद में शाम को रागिनी कार्यक्रम के आयोजन के साथ रात्रि ठहराव होगा। वही 20 दिसंबर की सुबह यात्रा पिहोवा और उसके शाम को गुल्हा विधानसभा पहुंचेगी। जहां जोरदार स्वागत किया जाएगा।


कुरुक्षेत्र। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते आप जिलाध्यक्ष जगबीर जोगनाखेड़ा।

## 23 को मुख्यमंत्री आवास का घेराव करेंगे आईटीआई कर्मचारी

**कुरुक्षेत्र।** स्किल ट्रेनर्स एसोसिएशन आईटीआई हरियाणा की प्रदेश स्तरीय बैठक राज्य प्रधान प्रवीण देशवाल व सचिन गांधी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक का मुख्य अजेंडा आईटीआई में कार्यरत कर्मचारियों की मांगों को पूरा करवाना रहा। अपनी मांगों को मंगवाने के लिए मुख्य सचिव व मुख्यमंत्री हरियाणा द्वारा अभी तक ना तो समय गया दिया गया बल्कि मांगों को अनदेखा किया गया है। इसी कारण स्किल ट्रेनर्स एसोसिएशन आईटीआई ने 23 दिसंबर को मुख्यमंत्री आवास चंडीगढ़ तक जाने व मुख्यमंत्री आवास का घेराव करने का निर्णय लिया है।


कुरुक्षेत्र। स्टॉल का अवलोकन करते भाजपा के जिलाध्यक्ष रवि बतान।

## वंचित लोगों को किया जा रहा लाभान्वित : बतान

**कुरुक्षेत्र।** भाजपा के जिला अध्यक्ष रवि बतान ने कहा कि विकसित भारत संकल्प एवं जनसंवाद यात्रा के दौरान सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से वंचित रहे पात्र लोगों को लाभान्वित किया जा रहा है। सरकार की योजनाओं पर पहला हक गरीबों का है। प्रत्येक जरूरतमंद व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना सरकार मुख्य ध्येय है। हर जरूरतमंद व्यक्ति के लिए सरकार अंत्योदय की भावना से काम कर रही है। मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना के माध्यम से हर परिवार की आय कम से कम 1 लाख 80 हजार रुपये करने के लिए अंत्योदय मेले आयोजित करके स्वरोजगार के लिए लोगों को ऋण उपलब्ध करवाए जा चुके हैं। भाजपा के जिला अध्यक्ष रवि बतान बुधवार को थानेसर विधानसभा के गांव दौलतपुर में विकसित भारत संकल्प एवं जनसंवाद यात्रा का स्वागत करने उपरांत ग्रामीणों को सम्बोधित कर रहे थे।

### न्यूज डायरी

## पैक्स कर्मचारी 19 को करेंगे सीएम आवास का घेराव



**कुरुक्षेत्र।** सैनी समाज भवन में पैक्स कर्मचारी महासंघ एसकेएस यूनियन की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला प्रधान अशोक कुमार मेहता व स्टेट लेवल केंद्रीय कमेटी सदस्य सुभाष नांदल ने की। बैठक में निर्णय लिया गया कि 19 दिसंबर को चंडीगढ सीएम हाउस घेराव किया जाएगा। जिला प्रधान अशोक कुमार मेहता ने बताया कि पैक्स कर्मचारियों की वेतन संबंधित मांग जिसकी घोषणा सीएम द्वारा 2019 में की गई थी वह अभी तक लागू नही की गई है। इसके अलावा मांगों में केंद्रीय सहकारी बैंक में समिति कर्मचारियों की जल्दी प्रमोशन करने तथा ग्रेजुएट नियम अनुसार लागू करवाना शामिल है।

## डॉ. जितेश पांडा बने श्रीकृष्ण आयुष विवि के नए डीन



**कुरुक्षेत्र।** डॉ. जितेश कुमार पांडा को श्रीकृष्ण आयुष विश्वविद्यालय में डीन एकेडमिक अफेयर्स के पद पर नियुक्त किया गए है। यह पदभार पूर्व में डीन रहे डॉ. शंभू दयाल शर्मा के कार्यकाल पूर्ण होने पर सौंपा गया है। नवनियुक्त डीन ने बुधवार को पद ग्रहण किया। कुलपति प्रो. वैद्य करतार सिंह धीमान ने पुष्पगुच्छ देकर डॉ. जितेश कुमार को नए पदभार की शुभकामनाएं एवं बधाई दी। डॉ. जितेश कुमार पांडा आयुर्वेद अध्ययन एवं अनुसंधान संस्थान के स्त्री रोग एवं प्रसुति तंत्र विभाग में प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष के पद पर कार्यरत हैं। उनका कई वर्षो का शैक्षणिक और चिकित्सा क्षेत्र में अनुभव है। इसके साथ उन्हें डीन एकेडमिक अफेयर्स का अतिरिक्त कार्यभार सौंपा गया है।

## अच्छे जीवन के लिए सभी को ध्यान करना जरूरी



**कुरुक्षेत्र।** ओशोधारा हिमाचल के संयोजक आचार्य डा. सुरेश मिश्रा ने राजकीय प्राथमिक विद्यालय में विद्यार्थियों और अध्यापकों को ध्यान और मुद्रा विज्ञान के बारे में बताया। वर्तमान में ज्यादा रहे भूतकाल को याद मत रखे क्योंकि वर्तमान समय का अच्छा उपयोग करने से ही भविष्य अच्छा बनता है। यदि ज्ञान मुद्रा को 24 मिनट सुबह और रात्रि के समय लगाया जाए तो बुद्धि विकसित रहेगी और याददाश्त अच्छी रहेगी। अच्छी नीद आएगी और तनाव से मुक्त हो सकते है। सनातन धर्म में ध्यान का बहुत महत्व है क्योंकि ध्यान से ही प्रजा विकसित होती है। वैदिक ग्रंथों और शास्त्रों में ध्यान और प्रणाम करना आवश्यक माना गया है।

## श्रीमदभगवदगीता आत्म-ज्ञान की गंगा : श्रीप्रकाश



**थानेसर।** श्रीमदभगवदगीता में सांख्य, पातान्जल और वेदांत का समन्वय है । इस में ज्ञान, कर्म और भक्ति कि अपूर्व एकता है, आशावाद का निराला निरूपण है, कर्तव्य कर्म का उच्चतर प्रोत्साहन है और भक्ति-भाव का सर्वोत्तम प्रकार से वर्णन है। श्रीमदभगवदगीता तो आत्म-ज्ञान की गंगा है। कर्म-धर्म का, बन्ध-मोक्ष का इस में बड़ा उत्तम निर्णय किया गया है। गीता, भगवान के सारमय, रसीले गीत हैं जिन में उपनिषदों के भावों सहित, भक्ति-भाव भरपूर समाया हुवा है और वेद का मर्म भी आ गया है। यह विचार अंतराष्ट्रीय श्रीमदभगवदगीता जयंती समारोह - 2023 के उपलक्ष्य में मातृभूमि सेवा मिशन द्वारा आयोजित अठारह दिवसीय कार्यक्रम के अष्टम दिवस श्रीमदभगवदगीता की उपादेयता विषय पर आयोजित गीता संवाद कार्यक्रम में व्यक्त किये।

## मेरा मकसद जनता की सेवा करना है: संदीप गर्ग



**लाडवा।** समाजसेवी एवं नेता संदीप गर्ग का दिन-प्रतिदिन लाडवा हल्के में कद बढ़ रहा है। आए दिन लाडवा हल्के के दर्जनों ग्रामीण समाजसेवी संदीप गर्ग के साथ उनके द्वारा किये जा रहे सामाजिक व जनहित के कार्यो को लेकर जुड़ रहे हैं। उसी कड़ी में लाडवा के गांव बड़शामी के दर्जनों लोगों ने समाजसेवी संदीप गर्ग को समर्थन देने का ऐलान किया। समाजसेवी संदीप गर्ग ने कहा कि यह लाडवा हल्के की जनता का प्यार है, जो दिन-प्रतिदिन उनके सर पर हल्के की जनता आशीर्वाद के रूप में हाथ रख रही है। उन्होंने कहा कि उनका मकसद राजनीति में आकर लाडवा हल्के की जनता की सेवा करना है। क्योंकि सेवा से ही मनुष्य को शांति मिलती है और वह इस शांति के लिए लाडवा हल्के की जनता की सेवा करने में लगे हुए हैं। उन्होंने कहा कि कभी भी किसी भी सरकार में कोई कमी नहीं होती। कमी सिर्फ उन लोगों में होती है, जिन्हें हल्के की जनता अपना प्रतिनिधि, हमदर्द बनाकर विधानसभा व लोकसभा में तो भेज देती है।

### ज्यादातर निर्णय लेने में व्यक्ति का मंकी ब्रेन करता है काम

# छात्रों को खुशी का विज्ञान पढ़ाना जरूरी: डॉ. रेखी

- हूज रनिंग यूअर लाइफ - यू और यूअर मंकी ब्रेन विषय पर हुआ व्याख्यान

हरिभूमि न्यूज ⏩ कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा की अध्यक्षता में विश्वविद्यालय की कमेटी रूम में आयोजित कार्यक्रम में रेखी फाउंडेशन के संस्थापक एवं अध्यक्ष डॉ. सतिंदर सिंह रेखी ने हूज रनिंग यूअर लाइफ - यू और यूअर मंकी ब्रेन विषय पर एक व्याख्यान देते हुए कहा कि ज्यादातर निर्णय लेने में व्यक्ति का मंकी ब्रेन काम करता है जिसके कारण कई बार भावनात्मक रूप से हमारे द्वारा लिए गए निर्णय सही और गलत साबित हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि इस भावनात्मक निर्णय लेने की प्रवृत्ति को प्रशिक्षण द्वारा नियंत्रित किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि यदि आप सामाजिक हैं और खुश है तभी आप जीवन की चुनौतियों का सामना कर सकते हैं। आज के डिजिटल एवं तकनीकी परिवेश में व्यक्ति उतने सामाजिक नहीं हैं जितने फेसबुक या लिंकड्इन पर है यही कारण है कि मनुष्य आमने-सामने सम्पर्क नहीं करते जिससे खुशी कम हो जाती है। इसलिए छात्रों को खुशी का विज्ञान पढ़ाना महत्वपूर्ण है ताकि वे जीवन में अधिक सफल हो सके क्योंकि खुश रहने वाले लोग ही जीवन में सरलता से चुनौतियों का सामना करने में सक्षम होते हैं।


कुरुक्षेत्र। कार्यक्र में मौजूद कुलपति प्रो . सोमनाथ सचदेवा व अन्य।

### कार्यक्रम में ये रहे मौजूद

इस अवसर पर कुवि कुलसचिव प्रो. संजीव शर्मा, डीन एकेडमिक अफेयर्स प्रो. अनिल वशिष्ठ, छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. शुचिस्मिता, डीन ऑफ कॉलेज प्रो. अनिल वोहरा, प्रो. सुनील ढींगरा, प्रो. एसके चहल, प्रो. रामविरंजन, प्रो. अरविन्द्र मलिक, प्रो. अनिल मित्तल, प्रो. दिनेश कुमार, प्रो. ब्रजेश साहनी, प्रो. नीलम ढांडा, प्रो. पुष्पा रानी, प्रो. निर्मला चौधरी, प्रो. मनोज जोशी, प्रो. अनामिका गिरधर, प्रो. वनिता ढींगरा, प्रो. आरके मोदगिल, प्रो. बिन्दु शर्मा, प्रो. कृष्णा देवी, प्रो. रश्मि वर्मा, प्रो. फकीर चंद, प्रो. रोहतास सिंह, प्रो. जितेन्द्र शर्मा, प्रो. अशोक चौहान, प्रो. नरेन्द्र, प्रो. महाबीर नरवाल, प्रो. अनीता दुआ, डॉ. विरेन्द्र, डॉ. कुलदीप सिंह, डॉ. नरेश सागवाल, कुलपति के ओएसडी पवन रोहिला व सहायक कुलसचिव डॉ. जितेन्द्र जांगड़ा मौजूद रहे।

## प्रस्तावित कलेक्टर रेट सरकार ले वापस



**कुरुक्षेत्र।** पूर्व मंत्री एवं हरियाणा कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अशोक अरोड़ा ने प्रशासन द्वारा वर्ष 2024-25 के लिए भूमि के कलेक्टर रेट बढ़ाने के प्रस्ताव की कड़ी आलोचना करते हुए कहा कि प्रस्तावित रेट 100 से 150 गुणा तक बढ़ाने का प्रस्ताव है, जोकि जनता के साथ सरासर अन्याय है। पहले ही जनता महंगाई की मार झेल रही है अब इन रेटों के बढ़ने से जनता पर और अधिक भार पड़ेगा और यह वृद्धि इतनी अधिक है जिसकी मार झेलना हर व्यक्ति के बस की बात नहीं। उन्होंने जिला प्रशासन से मांग की है कि प्रस्तावित कलेक्टर रेटों में की गई वृद्धि तुरंत प्रभाव से वापस ली जाए। अरोड़ा ने कहा कि सरकार का काम जनता के कल्याण के लिए कार्य करना है।

## खबर संक्षेप

### 22 को मनाई जाएगी गीता जयंती

**अंबाला।** उपायुक्त डॉ. शालीन ने बताया कि जिला स्तरीय गीता जयंती महोत्सव 22 व 23 दिसंबर को राम बाग मैदान अंबाला शहर में मनाया जाएगा। उपायुक्त ने गीता जयंती महोत्सव को लेकर की गई तैयारियों बारे पंचायत भवन के सभागार में आयोजित बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। इस मौके पर उनके साथ एडीसी अपराजिता, एसडीएम दर्शन कुमार व नगराधीश विश्वजीत सिंह उपस्थित रहे।

### स्कूली छात्रों को किया जागरुक

**अंबाला।** एमडीडी ऑफ इंडिया द्वारा बाल विवाह मुक्त भारत अभियान तथा सुरक्षित भारत अभियान के तहत जिला में अलग अलग ब्लॉकों में सरकारी स्कूलों में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इन कार्यक्रमों के दौरान उन्होने विदयार्थियों को बाल विवाह नही करने और बाल शोषण, बाल अपराध और बाल तस्करी रोकने हेतू शपथ दिलाई गई।

### कमानीदार चाकू सहित आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना नारायणगढ़ क्षेत्र में पुलिस ने सूचना के आधार पर आरोपी गौरव उर्फ काला को बिना नंबर की चोरीशुदा मोटरसाइकिल व अवैध कमानीदार चाकू सहित गिरफ्तार किया है। पुलिस दल को सूचना मिली थी कि आरोपी चोरी की मोटरसाइकिल बेचने की फिराक में घूम रहा है। सूचना के बाद पुलिस ने रेड कर आरोपी को काबू कर लिया। इसके बाद उसके खिलाफ केस दर्ज किया गया है।

### चोरी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना अंबाला शहर में दर्ज चोरी के मामले में सीआईए-2 ने आरोपी दलीप कुमार को गिरफ्तार किया है। अर्जुनपुरा कॉलोनी के बलबीर सिंह ने 28 मार्च 2023 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 21 मार्च 2023 को सेठी मार्केट अम्बाला शहर में स्थित उसकी दुकान से किसी ने 40-50 किलो लोहे के पीस चोरी कर लिए है।

### चोरी के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना शहजादपुर में दर्ज चोरी के मामले में पुलिस ने आरोपी रवि व भारत को गिरफ्तार किया है। गांव माजरी के गुलराज सिंह ने 11 दिसम्बर 2023 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि किसी ने गांव तंदवाल में चल रहे सड़क के काम पर से लोहे की 05 प्लेटें चोरी कर ली है।

## पोस्टमार्टम के दौरान शरीर पर मिले 41 घाव

# मेरे सामने ही दरवाजा बंद कर बेहरमी से बेटा तलवार से बहन पर वार करता रहा

**बहन की खौफनाक तरीके से हत्या करने वाले आरोपी भाई को अदालत ने जेल भेजा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

बेरहमी से बहन की हत्या करने वाले करण उर्फ कालू को अदालत ने जेल भेज दिया है। शुरूआती पूछताछ में ही पुलिस ने आरोपी के कब्जे से वह हथियार जब्त कर लिया जिसके जरिए उसने बहन की हत्या की थी। पोस्टमार्टम के दौरान चिकित्सकों को बहन के शरीर पर तेजधार हथियार के 41 जख्म मिले हैं। उधर बेटे के पकड़े जाने के बाद अब पिता ने पूरी खौफनाक वारदात की जानकारी पुलिस को दी है।

### मेरे सामने ही कर दी बेटी की हत्या

खौफनाक वारदात के चश्मदीद गवाह पिता राकेश कुमार ने अब पुलिस को पूरी घटना की जानकारी दी। उसने बताया कि आरोपी बेटे करण ने उसके सामने ही दरवाजा बंद कर बहन की बेरहमी से हत्या कर दी। वह पूरी वारदात को खिड़की में लगे शीशे से देखता रहा। उसने बताया कि आरोपी ने छोटी तलवार से बेटी के पेट, छाती, पीठ, हाथ-पैर पर ताबड़तोड़ वार किए। बेटी जिंदा न रह जाए इसलिए बाद में उसने गला भी काट दिया। राकेश ने बताया कि वह हॉट-डॉग की रेहड़ी लगाता है। उसके तीन बच्चे हैं। सबसे बड़ा मनीष कुमार है। उससे छोटा करण उर्फ कालू है जबकि सबसे छोटी बेटी मुस्कान उर्फ भावना थी। दोनों बेटे अविवाहित हैं। बेटी मुस्कान उर्फ भावना की शादी करीब 2 साल पहले मेरठ के अंकुर जैन के साथ शादी डॉट-कॉम के जरिए की थी। शादी के बाद भावना के पास एक साल की बेटी अभया जैन है। उसने बताया कि मेरी बेटी मुस्कान उर्फ भावना का अपने पति व ससुराल वालों के साथ मन मुटाव चल रहा था। इसके कारण वह करीब 8 माह से मायके में अंबाला छावनी में मेरे पास ही रह रही थी। बेटी अभया जैन को उसके पिता अकुंर जैन ने अपने पास रखा हुआ है। सोमवार को ससुरालियों से सहमति के बाद मुस्कान उर्फ भावना ने तलाक का केस डाला था। इस मामले में 10 जुलाई 2024 को सुनवाई होनी थी। राकेश ने बताया कि बेटा करण उर्फ कालू नशाखोर है। वह ज्यादातर समय घर से बाहर ही रहता है।





**अंबाला।** कत्ल की गई भावना की फोटो व आरोपी को अदालत में ले जाती पुलिस।

### कोर्ट से फ्री होकर घर आई थी भावना

पिता राकेश ने बताया कि सोमवार को अदालत में ससुरालियों से सहमति से तलाक दायर करने के बाद भावना मां गंगा के साथ शाम पांच बजे घर आई थी। इसके बाद वह अपने कमरे में आराम कर रही थी। उसने बताया कि तब वह भी घर पर ही था। उसके सामने ही करण ने मुस्कान उर्फ भावना पर ताबड़तोड़ तलवार से हमला कर दिया। उसने बताया कि बेटी को बचाने के लिए उसने काफी शोर मचाया। तब शोर सुनकर पड़ोसी रोहित व बड़ा बेटा मनीष भी आ गए। जब उन्होंने दरवाजा खोलने की कोशिश की तो करण उर्फ कालू पिछले दरवाजे से तलवार छोड़ कर भाग गया। उसने बताया कि उस समय करण चिल्ला रहा था कि तुमने हमारी बदनामी करवा दी। हत्या के बाद उन्होंने खुद पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने पिता राकेश कुमार की शिकायत पर बेटे के खिलाफ हत्या का केस दर्ज किया है।

### कत्ल के बाद माफी मांगी फिर किया सरेंडर

आरोपी भाई करण उर्फ कालू कत्ल के बाद सोशल मीडिया पर लाइव आकर पहले बहन की हत्या करने पर माफी मांगी थी। उसने कहा कि अपने मां-बाप से सिर्फ यही कहना चाहता हूं कि मुझे माफ करना। हे बहन-मुझे माफ करना। मुझसे जो हुआ वह मजबूरी थी एक।हम कल मरते आज मर जाएं। पूरी जिंदगी जेल काट लेंगे। कोई बात नहीं। इसके बाद आरोपी सरेंडर करने के लिए गृहमंत्री के आवास की ओर चल दिया। यहां बाहर से ही उसे काबू कर लिया गया।

## पिंजौर के जौलुवाल जाटान पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा

- ग्राम सरपंच रेनू बाला और अन्य मौजीज लोगों ने यात्रा का किया भव्य स्वागत, यात्रा के प्रति ग्रामीणों में भारी उत्साह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पंचकूला

बीजेपी प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य व हरियाणा एग्रो के निदेशक श्री श्याम लाल बंसल ने विकसित भारत यात्रा के अवसर पर ब्लाक पिंजौर के गांव जौलुवाल जाटान के राजकीय माडल/प्राईमरी स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की।

इस अवसर पर नोडल अधिकारी आशीष चैहान व पीडब्लयूडी बीएंडआर के कार्यकारी अभियंता अरूण कुमार, बीडीपीओं मार्टिना महाजन और बीजेपी के जिला उपाध्यक्ष संजीव कौशल भी उपस्थित थे। विकसित भारत संकल्प यात्रा का सरपंच रेनू बाला और अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने भव्य स्वागत किया।

विकसित भारत संकल्प यात्रा के अवसर पर बोलते हुए श्री श्याम लाल बसंल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किसानों व देश के जवानों के लिए अनेक कल्याणकारी योजनांए चलाई जा रही हैं। उन्होंने कहा कि आज किसानों के खाते में सीधा केंद्र से पैसा चलता है और पूरा का पूरा उनके खाते में पहुंचता है। उन्होने कहा कि सेना के जवान दिन रात हमारी सीमाओं पर पहरा दे रहे है। उनकी बदौलत ही हम अपने घरों में चैन की नींद सोते है। उन्होने कहा कि आज भारत के प्रधानमंत्री श्री नरेंरद मोदी से अमेरिका के राष्ट्रपति सलाह मशवरा करते है और उनकी दी हुई सलाह पर अमल करते है। वो दिन दूर नही जब भारत विश्व गुरु बनेगा। उन्होने कहा कि सरकार आपके द्वार आई है केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का ज्यादा से ज्यादा लाभ ले।

## जिप की मीटिंग में हंगामा, सदस्य बोले घूस से हो रहे काम

- चार महीने बाद हुई जिला परिषद की मीटिंग, सालाना 42 करोड़ का बजट पारित



**अंबाला।** 4 महीने बाद बुधवार को जिला परिषद की बैठक चेयरमैन राजेश कुमार लाठी की अध्यक्षता में हुई। मीटिंग में 42 करोड़ का सालाना बजट भी पारित किया गया। अंदर विकास कार्यों से संबंधित कई एजेंडे रखे गए। उधर मीटिंग से गैर हाजिर रहने वाले बीडीपीओ बराड़ा, बीडीपीओ साहा, पीडब्ल्यूडी के एक्सइन समेत अन्य अधिकारियों को नोटिस जारी कर जवाब तलब करने के निर्देश दिए गए हैं। मीटिंग में चेयरमैन राजेश लाड़ी, उप प्रधान करनैल सिंह, सीईओ जिला परिषद महावीर प्रसाद समेत अन्य जिप सदस्यों ने वर्ष 2023-24 के तहत हुए विकास कार्यों पर चर्चा हुई। मीटिंग में विपक्ष के जिला परिषद सदस्यों ने विकास कार्य न होने के आरोप भी लगाए। वार्ड नंबर-15 से जिप सदस्य दीपिका के पति ने कहा कि कच्ची छत वालों लिए ग्रांट नहीं दी जा रही। वहीं, वार्ड-9 से जिप सदस्य मक्खन सिंह लबाना ने विकास कार्य न होने के आरोप लगाए। लबाना ने कहा कि 3-3 बार लिखा जा चुका है, लेकिन अभी तक एक टेंडर नहीं लगा। कहा कि रिश्वत देकर काम किए जा रहे हैं।

# बेसहारा पशु से मौत होने पर मिलेंगे पांच लाख

- देर रात किसानों व प्रशासन में बनी सहमति, बीडीपीओ गांव में व निगम अफसर शहरों में पकड़ेंगे बेसहारा पशु, पुलिस लाइन ग्राउंड के पास छोड़े गए सभी 200 पशु, अब गौशाला भेजे गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

बेसहारा पशु से टकराने पर वाहन चालक की मौत होने पर अब प्रशासन की ओर से पांच लाख रुपये का मुआवजा मिलेगा। किसानों के विरोध की वजह से अब प्रशासन को यह घोषणा करनी पड़ी। ट्रैक्टर ट्रॉलियों में करीब 200 पशु लेकर देर रात तक किसान विधायक असीम गोयल के आवास के बाहर डटे रहे। इस दौरान मौके पर भारी पुलिस बल तैनात रहा। कई प्रशासनिक अधिकारियों को भी देर रात तक यहां डेरा डाले रखना पड़ा। सहमति के बाद किसान पुलिस लाइन ग्राउंड में पशुओं को छोड़कर निकल गए।

### कई पशुओं की हालत हुई खराब

किसान ग्रामीण एरिया से फसलों को उजाड़ रहे 30 ट्रॉलियों में करीब 200 पशु भरकर अनाजमंडी में लेकर आए थे। सुबह से ही सभी पशु ट्रॉलियों में भरे हुए थे। इसके बाद किसान इन पशुओं को लेकर विधायक आवास पर पहुंच गए। यहां रात साढ़े 12 बजे तक यह पशु ट्रॉलियों में ही भूखे प्यासे लदे रहे। इस दौरान एक दर्जन पशुओं की हालत खराब हो गए। बताया जा रहा है कि भूखे प्यासे कई पशुओं ने दम तोड़ दिया। 4 की हालत नाजुक बताई जा रही है। हालांकि रात को किसानों ने इन पशुओं को चारा डाला था। बेसहारा पशुओं की समस्या को लेकर विरोध प्रदर्शन करने वाले भारतीय किसान यूनियन शहीद भगत सिंह के अध्यक्ष अमरजीत सिंह मोहड़ी ने कहा कि प्रशासन व उनके बीच सहमति बन गई है। अगर अफसर अपनी बात से मुकरे तो फिर वे ऐसे विरोध से पीछे नहीं हटेंगे। जनहित में किसानों ने यह काम किया है। उन्होंने कहा कि हम अपनी फसलें व नस्लें बचाने के लिए यह काम कर रहे हैं। ये पशु हमारी फसलों के साथ नस्लों के लिए भी चुनौती बन रहे हैं।

### गौशाला में छोड़े जाएंगे पशु

रात करीब 12 बजे बेसहारा पशुओं को लेकर किसानों व प्रशासन के बीच सहमति बनी। प्रशासन की ओर से किसानों को यह आश्वासन दिया गया कि ग्रामीण एरिया में बीडीपीओ व शहरी एरिया में नगर निगम के अफसरों की बेसहारा जानवरों को पकड़कर गौशाला भेजने की जिम्मेदारी होगी। इसके अलावा पशु के हादसे में जान गंवाने वाले वाहन चालक या फिर दूसरे लोगों को एक संस्था के जरिए पांच लाख का मुआवजा उसके परिजनों को दिया जाएगा। अधिकारियों ने ग्रामीण व शहरी एरिया से सभी बेसहारा पशुओं को जल्द पकड़कर गौशाला में भेजने का भी आश्वासन दिया। इसके बाद ही किसान मुख्य सड़क से हटने को तैयार हुए। देर रात तक प्रशासनिक अधिकारी रोषित किसानो को मनाने में जुटे रहे।



**महेंद्रगढ़।** क्लैट की परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

# आरपीएस ग्रुप के कबीर डाबला ने हरियाणा में हासिल किया वन रैंक

- आरपीएस के 59 बच्चे क्लैट में क्वालिफाइड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

आरपीएस ग्रुप के कबीर डाबला ने हरियाणा में कैटेगरी में पहला रैंक प्राप्त कर अपने माता-पिता व क्षेत्र का नाम रोशन किया है। इसके अलावा आरपीएस के जतिन ने दूसरा, समीर यादव ने पांचवां, सिद्वांत ने 31वां, मनीषा ने 35वां रैंक अपनी कैटेगरी में हासिल किया है। रुचि शर्मा ने 97.25 अंकों के साथ एआईआर 185, निधि निर्मल ने 92.75 अंकों के साथ कैटेगरी में 40वां रैंक, जतिन ने 94.25 अंकों के साथ कैटगरी में 43वां रैंक प्राप्त कर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया हैं। विद्यालय के 59 विद्यार्थियों ने क्लैट में क्वालिफाई कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है।

इसके अलावा आरपीएस ग्रुप से हिमांशु, समर यादव, दीया मेहरा, सिद्धांत, मनीषा, सच, निधि चौहान, हैप्पी, माही, नंदिनी, दक्ष, जयवीर, युग, यशवीर, तनीषा, नैंसी, हंसिका, रिया यादव, गौरव, भारत, कल्पना यादव, नताशा, रक्षित वर्मा, तानिया, मन्नत, रुचि शर्मा, जतिन, आकांक्षा तंवर, साक्षी, कीया गौतम, दिव्यांजलि, अंबिका, यतुशी चौहान, अखिल यादव, प्रियांशु, यादवेंद्र यादव, तनुश्री, किशिता, अक्षित, वानी, धरिती, पूर्वी, नंदिनी राव, हिमानी राव, कनिष्क, जितेश, दीपेश, कृष्ती ने क्लैट क्वालिफाई किया है। इस उपलब्धि पर आरपीएस ग्रुप की चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव, सीईओ इंजी. मनीष राव ने उन्हें सम्मानित कर बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। डॉ. पवित्रा राव ने कहा कि आरपीएस ग्रुप के बच्चे हर प्रतियोगी परीक्षाओं में अपनी प्रतिभा दिखाते हुए सफलता का परचम लहरा रहे हैं। बीते दिवस विद्यालय का आठवीं कक्षा छात्र मयंक केबीसी से करोड़पति बनकर लौटा है यह हम सब के लिए गौरव की बात है। सीईओ इंजी मनीष राव ने कहा कि क्लैट की परीक्षा में देशभर से हजारों की संख्या में छात्र-छात्राएं भाग लेते हैं। इस परीक्षा के आधार पर छात्र-छात्राओं की पहली पसंद एनएलएसआईवी बैंगलुरू, एनएलयू दिल्ली, एनएएलएसएओआर हैदराबाद, डब्ल्यूबीएनएलयू वैस्ट बंगाल तथा एनएलयू भोपाल संस्थान होते हैं। राष्ट्रीय स्तर की यह परीक्षा में हर वर्ष नेशनल लॉ यूनिवर्सिटीज द्वारा आयोजित की जाती है। परीक्षा के आधार पर ही बड़े संस्थानों के लिए विद्यार्थियों का चयन किया जाता हैं। इसके बाद चयनित छात्र-छात्राएं ही संबंधित मिलने वाले संस्थानों में कानून की पढ़ाई पढ़ लोगों को न्याय प्रदान करते हैं।

# 44 किरायेदार बन चुके दुकानों के मालिक, 105 को डिमांड नोटिस जारी

- योजना के लिए गठित कमेटी सदस्यों ने एसडीएम से मुलाकात की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज द्वारा मुख्यमंत्री स्वामित्व योजना के कार्य को गति देने के लिए गठित कमेटी के सदस्यों ने बुधवार को एसडीएम से मुलाकात की। कमेटी सदस्य विजेंद्र चौहान ने बताया कि गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज की बदौलत अंबाला छावनी नगर परिषद के किराएदार अब दुकानों के मालिक बनने लगे हैं। योजना के तहत दुकानदारों की अब तक 44 रजिस्ट्री हो चुकी है । 105 दुकानदारों को डिमांड नोटिस जारी हो चुके हैं।चौहान ने बताया की एसडीएम ने आश्वासन दिया कि इस कार्य को तीव्र गति से किया जाएगा। ताकि दुकानदारों की दुकानों की रजिस्ट्रियां को जल्द कराया जा सके। गौरतलब है कि योजना के तहत नगर परिषद के 20 वर्ष से ज्यादा पुराने एवं 100 गज से कम दुकानों के किराएदार आवेदन कर सकते हैं। अंबाला छावनी में नगर परिषद की अलग-अलग बाजारों में हजारों दुकानें हैं। योजना का लाभ लेने के लिए छावनी के 866 किराएदार अब तक नगर परिषद में आवेदन कर चुके हैं।31 दिसंबर 2023 तक यूएलबी का पोर्टल खुला हुआ है। अगर कोई दुकानदार आवेदन नहीं कर सका है तो 31 दिसंबर तक आवेदन कर सकताहे । उन्होंने बताया कि स्वामित्व योजना के तहत नगर परिषद के किराएदारों के पास जितनी पुरानी दुकान होगी उन्हें उतनी ज्यादा छूट प्रदान की जाएगी। अगर 20 से 25 साल पुराना किराएदार है तो कलेक्टर रेट की 80 प्रतिशत कीमत देनी होगी। 25 से 30 वर्ष पुराने किराएदार को 75 प्रतिशत कीमत देनी होगी, 30 से 35 वर्ष पुराने किराएदार को 70 प्रतिशत, 35 से 40 प्रतिशत पुराने किराएदार को 65 प्रतिशत, 40 से 45 वर्ष पुराने किराएदार को 60 प्रतिशत, 45 से 50 प्रतिशत पुराने किराएदार को 55 प्रतिशत और 50 वर्ष से ज्यादा पुराने किराएदार को 50 प्रतिशत ही राशि देनी होगी।

## शीतकालीन सत्र में विधायक ने राज्य सरकार से मांगें 11 सवालों के जवाब

- कई प्रस्ताव भी शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बराड़ा

15 दिसंबर से शुरू हो रहे विधानसभा के शीतकालीन सत्र में विधायक वरुण चौधरी द्वारा 11 प्रश्न 3 ध्यानाकर्षण सूचना,-काम रोको व स्थगन प्रस्ताव शामिल किए गए हैं। इनके माध्यम द्वारा सरकार से निम्न जानकारियां मांगी गई।

इनमें प्रदेश में बसों की 2014 से 2023 तक बसों की स्वीकृत संख्या के साथ 2014 तक खरीदी गई एवं अनुपयोगी घोषित की गई। 8 वर्ष से 15 वर्ष करने का औचित्य व नई बसों की खरीद में देरी के कारण को लेकर जानकारी मांगी गई। विधायक ने मुलाना विधानसभा क्षेत्र में बाढ़-जलभराव की रोकथाम के लिए सरकार द्वारा की गई कार्रवाई तथा राज्य के महाविद्यालय तथा विश्वविद्यालय में पढ़ने वाली छात्रों की कोर्स वार संख्या के साथ लागू होने वाली अनुसूचि के साथ उन्हें मुक्त शिक्षा देने के लिए निर्धारित मानदंडो को लेकर व राज्य में राष्ट्रीय शिक्षा नीति (2020) को लागू करने सरकार द्वारा की गई कार्रवाई और इस नीति को कब तक लागू कर दिए जाने की संभावना को लेकर सरकार से जानकारी मांगी। राज्य के गांव में सफाई कर्मचारियों के वेतन समेत दूसरी सुविधाओं के बारे में भी सवाल लगाया है।

## प्राथमिक सहायता प्रशिक्षण शिविर में दी रक्त संचार पर विस्तृत जानकारी

**पंचकूला।** भारतीय रैड क्रॉस समिति एवम सैंट जॉन एम्बुलेंस इंडिया हरियाणा राज्य शाखा चंडीगढ़ द्वारा आयोजित किए जा रहे आठ दिवसीय प्राथमिक सहायता प्रशिक्षण शिविर के तीसरे दिन के कार्यक्रम में सभी प्रतिभागियों को सुबह के सत्र में योगा करवाया गया। कैम्प निदेशक संजीव धीमान ने बताया कि मास्टर ट्रेनर सुनीता दुल द्वारा बेसिक फर्स्ट व टेक्निक्स पर जानकारी दी। उन्होंने बताया कि हमे फर्स्ट एड क्यों ओर कैसे देनी चाहिए तथा फर्स्ट एड देते समय किन बातों का ध्यान रखना चाहिए के बारे में विस्तार से अवगत करवाया। नेशनल मास्टर ट्रेनर रवि दत्त द्वारा रेस्पिरेटरी सिस्टम की विस्तार पूर्वक जानकारी दी। मीनू कौशल मास्टर ट्रेनर द्वारा, दिल रक्त संचार व सदमा विषय पर विस्तृत जानकारी दी राज्य मास्टर ट्रेनर चन्द्रपाल हड्डी, जोड़ व मासपेशियों के विषय पर विस्तृत जानकारी दी। गृह परिचर्या विषयों की विशेषज्ञ निधि, रिया, वीना व गुरमेल कौर द्वारा रोगी का कमरा कैसा होना चाहिए तथा किस प्रकार से रोगी का बिस्तर तैयार करना चाहिए आदि विषयों पर विस्तृत जानकारी सांझा की।

## सर्वसम्मति से कार्यकारिणी का चयन

नारायणगढ़

बुधवार को हरियाणा सिविल पेंशनर्ज वेलफेयर एसोसिएशन की कार्यकारिणी का सर्वसम्मति से गठन किया गया।

इसमें प्रधान राम नाथ धीमान, वरिष्ठ उप प्रधान चमन लाल वालिया, उप प्रधान जय पाल, जरनैल सिंह, कृष्ण कुमार, मलकियत सिंह, जोगिंद्र सिंह, भारत भूषण सैनी व बलदेव सिंह ,महासचिव राकेश वालिया व सचिव के पद पर ओम प्रकाश पाल, विनोद वर्मा, वेद प्रकाश खुराना, रोशन वालिया, रूप चंद दनोरा, बलजीत रामपुर, श्याम लाल व ईश्वर दयाल मुन्ना माजरा शामिल हैं।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो वह निम्न टेलीफोन नम्बरों पर कार्यालय समय पर सूचित करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 8295154800, 9253681005

## विधायक असीम गोयल बोले, गांव-गांव पहुंच रही है मोदी सरकार की गारंटी वाली गाड़ी

# साढ़े नौ साल में मोदी ने विकास के मामले में स्थापित किए नया आयाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

अंबाला शहर के विधायक असीम गोयल नन्यौला ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा-जनसंवाद कार्यक्रम के माध्यम से गांव-गांव मोदी सरकार की गारंटी वाली गाड़ी पहुंच रही है। लोगों को सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। विभिन्न विभागों द्वारा मौके पर ही औपचारिकताएं पूरी करवाकर आमजन की समस्याओं का निवारण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमत्री नरेंद्र मोदी ने भारत को वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने का जो संकल्प लिया है उस संकल्प को हमको मिलकर पूरा करना है। विकसित राष्ट्र के इस सपने को हमें मिलकर साकार करना है। विधायक बुधवार को गांव काठगढ़ और कंगवाल में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पंहुचे थे। विधायक ने गांव कंगवाल में पेयजल नलकूप का भी उद्घाटन किया। गोयल ने इस मौके पर उपस्थित सभी को हमारा संकल्प विकसित भारत की शपथ दिलवाते हुए कहा कि विकसित संकल्प जन संवाद यात्रा के माध्यम से पिछले साढे नौ वर्षों में देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जो आयाम स्थापित किए जा रहे हैं। उसे यात्रा के माध्यम से दर्शाने का काम किया गया है। इस यात्रा के माध्यम से आमजन को केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा जो योजनाएं चलाई गई हैं उस बारे उन्हें जानकारी उपलब्ध करवाई जा रही है। विधायक असीम गोयल ने गांव काठगढ़ में आयोजित कार्यक्रम में 15 लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड, 2 को वृद्धावस्था सम्मान भत्ता व गांव कंगवाल में 79 लोगों को आयुष्मान कार्ड, एक व्यक्ति को दिव्यांग पेंशन, 2 को उज्जवला कनेक्शन के साथ-साथ प्रमाण पत्र वितरित किए। यहां पर आयोजित स्वास्थ्य शिविर के माध्यम से 320 लोगों के स्वास्थ्य की जांच भी की गई।



**अंबाला।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान लगे स्टालों का अवलोकन करते विधायक व अन्य।

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर मंडल प्रधान गुरचरण सिंह, सरपंच काठगढ़ अर्चना, सरपंच कंगवाल निर्मल सिंह, जसबीर सिंह, संजीव गोयल टोनी, जिला उपाध्यक्ष मनदीप राणा, रघुबीर नडियाली, चरणजीत, रूपी सांगवान, रघुबीर सिंह, मामचंद, अमरजीत सारंगपुर, ध्रुव त्रिखा, आरएन बतरा भी मौजूद रहे।